हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 9 अगस्त 2026



# हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत प्रशिक्षित चिकित्सकों की हड़ताल से स्वास्थ्य सुविधा डगमगाई हुई है। आज अपनी हड़ताल के पांचवें दिन भी इंटर्न डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल में डटे रहे।

स्टाइपेंड में 15900 से 30 हजार रुपए की वृद्धि मांग को लेकर 128 प्रशिक्षु चिकित्सकों का हड़ताल जारी है। जिससे मेडिकल कॉलेज अस्पताल आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्ची काउंटर की कतार में लगने के बाद मरीज ओपीडी तक पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां पर भी लंबी लाइन लगी हुई है। ओपीडी में महज एक चिकित्सक की उपस्थिति के चलते मरीजों को अपना उपचार कराने मशक्कत करनी पड़ रही है।

**शहरी स्वास्थ्य सेवा भी प्रभावित**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए आसपास के पांच जिलों से मरीज पहुंचते हैं। अस्पताल के वार्डों में दिनभर इंटर्न डॉक्टर राउंड के लिए पहुंचते थे, लेकिन हड़ताल के चलते कोई भी इंटर्न डॉक्टर वार्ड में नहीं जा रहे हैं। यहां भर्ती मरीजों का कहना है कि हड़ताल की वजह से दिनभर कोई भी डॉक्टर नहीं आते हैं। शाम के वक्त ही डॉक्टर आते हैं। इंटर्न डॉक्टर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा जिला अस्पताल सहित शहर के शंकरपुर, लखोली और सोमनी स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में भी अपनी सेवाएं देते हैं। उनकी हड़ताल की वजह से इन केन्द्रों में भी स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित हो रही है।

## स्टाईपेंड बढ़ाने की मांग पर पिछले पांच दिनों से हड़ताल में जुटे इंटर्न डॉक्टर

### सीनियर डॉक्टरों पर अतिरिक्त भार

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 6 सौ मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें से सामान्य बीमारी वाले अधिकांश मरीजों को इंटर्न डॉक्टर ही देखते थे। ओपीडी में दो से तीन डॉक्टर अपनी सेवा देते थे। जिससे मरीजों की भीड़ नियंत्रित होती थी, लेकिन अब हड़ताल के चलते डॉक्टर के नहीं होने से सामान्य उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इधर पहले ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। ऊपर से सैकड़ों प्रशिक्षु चिकित्सकों के हड़ताल में जाने की वजह से सीनियर डॉक्टरों पर भी काम का भार बढ़ गया है। जिससे उन्हें भी दिक्कतें हो रही है।

### शासन से बातचीत जारी

आईएमए-एमएसएन के स्टेट कन्वीनर शाहदिल खुसरू ने कहा कि आईएमए एवं आईएमए-एमएसएन की ओर से राज्य सरकार के साथ लगातार सकारात्मक वार्तालाप जारी है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि सरकार इस विषय की गंभीरता को समझते शीघ्र ही फाइल को स्वीकृति प्रदान करेगी और इंटर्न डॉक्टरों के हित में न्यायसंगत निर्णय लेगी। जिससे आंदोलन का जल्द समाधान हो सके।

# हजारों श्रमिकों की ई-केवाईसी अटकी योजनाओं के लाभ पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ श्रम विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने और फर्जी पंजीयन पर रोक लगाने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया में बड़ा खुलासा हुआ है। राजनांदगांव जिले के लगभग 91 हजार पंजीकृत श्रमिकों का डेटा मिसमैच होने के कारण उनकी ई-केवाईसी की प्रक्रिया अटक गई है, जब तक यह ई-केवाईसी पूरी नहीं होगी, तब तक संबंधित श्रमिकों को विभाग की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार तथा असंगठित क्षेत्र के कुल 56.39 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। जिनमें से लगभग 16.11 लाख श्रमिकों का ई-केवाईसी डेटा मिसमैच के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। सर्वाधिक प्रभावित जिलों में राजनांदगांव भी शामिल है, जहां 91 हजार श्रमिकों के दस्तावेजों और रिकॉर्ड में त्रुटियां पाई गई है। बताया गया कि त्रुटियों के अहम कारण में श्रमिकों के आवेदनों के पोर्टल पर खारिज होने या अटकने की मुख्य रूप से तीन बड़ी वजहे सामने आई है। इसके अलावा नाम और सरनेम में अंतर यानी विभिन्न दस्तावेजों में नाम की स्पेलिंग अलग-अलग होना, संबंधित कार्ड और पंजीयन रिकॉर्ड में दर्ज जन्म की तारीखों का आपस में मेल न खाना। पुराने श्रमिक कार्डों में दर्ज विवरणों में त्रुटि पाई जाना, जैसे मामले सामने आए हैं।

**खास बातें**

- पारदर्शिता लाने, फर्जी पंजीयन रोकने और वास्तविक श्रमिकों तक लाभ पहुंचाने ई-केवाईसी अनिवार्य

**पंजीयन अनिवार्य:** अभियान के तहत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल' के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को अपने श्रम कार्ड (पंजीयन) का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।

### सुधार और दोबारा ई-केवाईसी कराने की प्रक्रिया

ज्ञात हो कि श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी अनिवार्य है और श्रमिक तुरंत अपने निकटतम चॉइस सेंटर या श्रम कार्यालय जाकर त्रुटियों में सुधार करा सकते हैं। फिंगरप्रिंट या आइरिस स्कैन के जरिये बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जा सकता है। स्पष्ट पहचान पत्र कॉपी, सहमति पत्र, ई-साइन, लाइव फोटो और पंजीकृत मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी सत्यापन प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। प्रक्रिया पूरी होने पर आवेदकों को एक यूनिक आवेदन क्रमांक मिलेगा। जिससे वे ऑनलाइन अपने आवेदन की स्थिति चेक कर सकते हैं। विभाग का कहना है कि ई-केवाईसी का मुख्य उद्देश्य वास्तविक पात्र श्रमिकों तक ही योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अतः जिले के सभी प्रभावित श्रमिक यथाशीघ्र अपने दस्तावेजों को अपडेट कराकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करें। जिले में भी केवाईसी कराई जा रही है।

# नो-पार्किंग में खड़ा किया वाहन, तोड़ा यातायात नियम, 1035 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के व्यस्तम इलाके व मार्ग में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने व नो-पार्किंग में वाहन खड़ी करने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया गया है। जिसके तहत 1035 वाहनों पर कार्रवाई की गई है।

यातायात पुलिस द्वारा शहर के नया बस स्टैंड चौक, महावीर चौक, खैरागढ़ रोड, भगत सिंह चौक, पुराना रेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड, पोस्ट ऑफिस चौक, पुराना बस स्टैंड, रामदरबार, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, गंज चौक, कुंआ चौक, नंदई चौक, महामाया चौक, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, जूनीहटरी, मानव मंदिर चौक, फौवारा चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, सदर लाइन, फुर्सत के पल चौक, कविता कॉम्पलेक्स चौक, अम्बेडकर चौक, आरके नगर जाने वाली सर्विस रोड एवं मोतीपुर अंडरब्रिज रोड सहित

शहर के प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आगामी त्यौहारी सीजन के दौरान बाजार एवं प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते यातायात पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें तथा नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। सभी व्यापारियों से अपील है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करवाएं तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न होने दें।

### अलग-अलग मामलों में कार्रवाई

पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वाले 556 वाहनों, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 18 वाहन चालकों, बिना वैध लाइसेंस ई-रिक्शा चलाने वाले 29 वाहन चालकों, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन प्रवेश कराने वाले 3 वाहनों पर कार्रवाई करते 9 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसी तरह यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 429 वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस प्रकार यातायात पुलिस द्वारा कुल 1035 वाहनों पर कार्रवाई करते 5,26,300 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा खोज परीक्षा आज

**छुईखदान।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के उद्देश्य से विशेष आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिभा खोज परीक्षा में 12वीं उत्तीर्ण युवा भाग लेंगे। परीक्षा के लिए 43 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है जिसमें जिले के 43 अभ्यर्थी शामिल हैं। आवेदकों के लिए परीक्षा केन्द्र सरस्वती शिशु मंदिर छुईखदान निर्धारित हैं। परीक्षा कल 9 अगस्त को 11.45 से 2 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्र प्रभारी रामकुमार चंद्राकर एवं केंद्राध्यक्ष प्रेमकुमार चंद्राकर को बनाया गया है।

### संवेदनशील क्षेत्रों पर पुलिस की नजर नहीं

**डोंगरगढ़।** शहर में आए दिन होने वाली चाकूबाजी सहित अन्य घटनाओं के बाद पुलिस द्वारा किया जा रहा प्रयोग चर्चा का विषय बना हुआ है। थाना में फरियादियों को भले ही महत्व नहीं मिलता किन्तु अपराधिक गतिविधियों से जुडे लोगों को संरक्षण जरूर मिलता है। शहर के चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती जरूर रहती है किन्तु संवेदनशील इलाकों एवं नशाखोरी वाले स्थानों पर पुलिस नजर नहीं आती है। जानकारी के अनुसार क्रास पहाडी, रणचंडी मंदिर मार्ग, हाईस्कूल के पीछे नशे का कारोबार चलता है जिस पर पुलिस का ध्यान नही है। लोगों ने बताया कि थाने में शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं होती है।

### स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने पर बैठक में चर्चा

**डोंगरगढ़।** डेढ़ साल में दूसरी बार जीवनदीप समिति की बैठक विधायक

हर्षिता स्वामी बघेल और अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में बेहतर स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रख कर अस्पताल में सुविधा विस्तार पर चर्चा की गई। विधायक की मांग पर अधिकारियों ने आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बिना पूर्व अनुमति के कर्मचारी रखे जाने पर अपनी गलती स्वीकार किया। स्वास्थ्य केन्द्र में साल भर दर्शनार्थियों आदि के आने से समिति को पडने वाले आर्थिक भार को देखते हुए राज्य षासन से बजट प्रावधान के लिए प्रयास करने का निर्णय लिया गया। वहीं अस्पताल परिसर में आए दिन उपद्रवियों के आने और नशे में धुत लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार करने पर महिला कर्मचारियों ने आपत्ति दर्ज कराई। रात में कम से कम दो सुरक्षा गार्ड रखने की जरूरत महसूस की गई।

### बकायादार दुकानदारों से एक लाख वसूल

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका बकाया किराया वसूली अभियान के तहत

शुक्रवार को बस स्टैंड परिसर स्थित दुकानों के दुकानदारों से एक लाख पांच हजार वसूल किया। वहीं पालिका की टीम ने बकाया राशि जमा नहीं करने वाले दो दुकानों को सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि बार-बार नोटिस और सूचना देने के बाद संबंधित दुकानदार किराया जमा नहीं कर रहे थे, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। पालिका ने स्पष्ट किया है कि बकाया किराया वसूली के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

### कार्यालयीन समय पर पंचायत बंद

**डोंगरगढ़।** कार्यालयीन समय में कोठीटोला और कारूटोला पंचायत के

कार्यालय बंद रहने की शिकायत मिली है। पंचायत में सचिव के नहीं रहने से विभिन्न प्रमाण पत्र बनवाने सहित अन्य काम के लिए पहुंचे ग्रामीणों को खाली लौटना पड़ा। लोगों का आरोप है कि कार्यालय में सरपंच- सचिव के नहीं रहने से उन्हे बार-बार चक्कर काटना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस लापरवाही पर आपत्ति जताते हुए जांच और कार्रवाई करने की मांग की है।

### मृतक के परिजनों से मिले सामाजिकजन

**तुमडीबोड़।** सड़क दुर्घटना में जामसरार खुर्द निवासी सुरेश साहू पिता

फेरूराम साहू का निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर साहू समाज के पदाधिकारियों एवं समाजिकजनों ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सचिव परदेशी राम साहू ने बताया कि मृतक की धर्मपत्नी शारदा साहू को समाज की ओर से सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष नोबल साहू, मदन साहू, नीलमणी साहू, माधव साहू, टीमेश साहू, देवेंद्र साहू, हेमंत, गोपाल साहू, मनोहर साहू, भगवानदास, रामबिलास साहू, कोमल साहू, धन्नूलाल साहू, डायमंड साहू, ज्ञानचंद साहू, खेमचंद साहू, हेमचंद साहू उपस्थित थे।

### मोटर साइकिल से शराब का परिवहन, एक गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** प्लेटिना मोटर साइकल से भारी मात्रा में शराब ले जाने की

खबर मिलने पर गंडई पुलिस ने ठंढार रोड पर नहर नाली के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम सुखचंद टोन्ड्रे पिता मल्लू टोन्ड्रे, निवासी टिकरीपारा गंडई बताया। वाहन की तलाशी लेने पर प्लास्टिक थैले से 30 पौवा देशी शोले प्लेन शराब बरामद की गई।पुलिस ने शराब सहित प्लेटिना मोटर साइकल क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 1493 को जब्त कर लिया है। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### जनसहयोग से सड़क की मरम्मत

**बांधा बाजार।** जादूटोला से दैहान पहुंच मार्ग के जर्जर होने से ग्रामीणों को

होने वाली परेशानी को देखते हुए जनसहयोग से बोल्डर और मुरूम बिछाया गया।ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क वर्षों से मरम्मत नहीं होने से ख़राब हो चुकी है। बालक- बालिकाओं एवं मरीजों को परेशान होना पड़ रहा था। अब मरम्मत होने से ग्रामीणों को राहत मिली है। मरम्मत कराने में सरपंच शुक्रवारोबाई नेताम, उदय प्रकाश यादव, पूरन साहू, केशव साहू ने सहयोग दिया।

## रोगों की जांच के लिए अभियान, मच्छरदानी का वितरण

# बैगा परिवारों की सेहत की सुध

### वनांचल पहुंचा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने जिले में आदि अमितान पीएम जनमन यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग अभियान का संचालन किया जा रहा है।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में अभियान अंतर्गत बैगा समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। विकासखंड के नोडल अधिकारी डॉ. मनीष बघेल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बैगा बसाहटों में स्वास्थ्य जांच, उपचार, स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोगों की रोकथाम से संबंधित गतिविधियां की जा रही है।

इसी क्रम में गत 8 अगस्त को ग्राम तुमडादाह, परसाही एवं दल्ली बैगा के 62 बैगा परिवारों को मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी दिया गया।

#### दी गई उपयोगी जानकारी

मच्छरदानी वितरण के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को मलेरिया के लक्षण, संक्रमण का माध्यम, बचाव के उपाय एवं समय पर जांच और उपचार की जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का नियमित उपयोग करे एवं घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें।

#### पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाएं

आदि अमितान अभियान के माध्यम से पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय के निकट पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, सिकल सेल, एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र रोग तथा महिलाओं में स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर सहित विभिन्न समस्याओं की स्क्रीनिंग के साथ आवश्यकतानुसार उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान डॉ. प्रकाश वर्मा, बृजेश ताम्रकार, विवेक मेश्राम, अमीलाल, वासुदेव, तेजेश्वनी, धनसिंह उइके उपस्थित थे।

# सट्टा खिलाते दो आरोपी रंगे हाथ हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम नर्मदा में सट्टा खिला रहे दो आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नर्मदा में कुछ लोग हार-जीत का दांव लगवाकर सट्टा संचालित कर रहे हैं।

पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर आरोपी मिर्जा इकबाल पिता स्व. इब्राहिम बैग, निवासी नर्मदा और अकरम बेग मिर्जा पिता स्व. चांद बेग मिर्जा, निवासी खैरानवापारा को धर दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपी मिर्जा इकबाल के कब्जे से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने से संबंधित 46035 रुपए का हिसाब तथा फोन पे पर 113900 रुपए के चार ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के स्क्रीनशॉट सहित एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं दूसरे आरोपी अकरम बेग मिर्जा के कब्जे से दो नग सट्टा पट्टी, एक नीला डॉट पेन और 550 रुपए बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

### भीमपुरी-बोरई सड़क के लिए 4.75 करोड़ मंजूर

**छुईखदान।** विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के प्रयासों से भीमपुरी से बोरई पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 475.53 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। बजट में प्रावधान के बाद मिली इस स्वीकृति से ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल है। स्वीकृति मिलने के बाद बोरई एवं आसपास के ग्रामीणों ने विधायक निवास पहुंचकर विधायक यशोदा वर्मा से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच संगीता हुलास साहू, गौकरण जंघेल, हिमाचल, भगवती जंघेल, विष्णु सेन, मनहरन साहू, दशरथ साहू, राजेंद्र जंघेल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री कथा ज्ञान यज्ञ 11 से 13 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वैदिक सनातन परंपरा और गुरु-भक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है।

यह धार्मिक आयोजन 11 से 13 अगस्त तक कृषि उपज मंडी परिसर में होगा। ह आयोजन जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से रखा गया है। आयोजकों के अनुसार श्रीकथा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा, श्रीराम कथा, भगवान शिवपुराण सहित अन्य का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। आयोजन की शुरुआत 11 अगस्त को शोभायात्रा एवं प्रसादी वितरण से होगी। इसके बाद चरणपादुका एवं ग्रंथ स्थापना पूजन, आरती, कथामृत रसपान, दिव्य रासलीला होगी।

इसी कड़ी में 12 अगस्त को चरण पादुका एवं ग्रंथ पूजन तथा आरती के पश्चात कथा और रासलीला का आयोजन होगा। अंतिम दिन 13 अगस्त को विशेष आयोजन होगा। आरती एवं कथा समापन के बाद महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजक स्व-स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल ने श्रद्धालुओं श्रीकथा ज्ञान यज्ञ में सहभागी बनने की अपील की है।

# पोल्ट्री पालन से गांव की महिलाएं आत्मनिर्भर

- स्वयंसेवी संस्था का सराहनीय प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलगांव

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के कार्यक्रम अंतर्गत सामर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित आजीविका संवर्धन पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

ग्राम खुर्सीपार की जय माँ सुरभि पोल्ट्री यूनिट ने पोल्ट्री पालन के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण कर आत्मनिर्भरता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। छह महिलाओं वाले

इस समूह को परियोजना अंतर्गत एक हजार कॉकरेल चूजे, फीड सपोर्ट, फीडर एवं ड्रिंकर, नियमित टीकाकरण, तकनीकी प्रशिक्षण तथा विशेषज्ञों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया। महिलाओं ने प्रशिक्षण के अनुरूप पोल्ट्री पालन कर बेहतर उत्पादन किया।

#### सफलता से महिलाएं उत्साहित

प्रथम चरण की सफलता से उत्साहित होकर समूह ने अब 500 सोनाली चूजों के साथ दूसरे चरण की शुरुआत कर दी है। यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि गांव में रोजगार के नए अवसर सृजित करने, सामूहिक उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा अन्य महिला स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन रही है। इस सफल पहल में परियोजना प्रबंधक भैयासिंह झरे, सोशल मोबिलाइजेशन ऑफिसर नंदलाल साहू तथा सीआरपी तोमेश वर्मा का मार्गदर्शन रहा।

# न गलत करें और न अपना समर्थन दें : साध्वीश्री

- भूल होने पर प्रायश्चित करने से पीछे न हटे : आर्यिका तपोमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की शिष्या पूज्य आर्यिका श्री तपोमति माता ने शनिवार को सुबह धर्मसभा में श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए जीवन में दृष्टि बदलने, सकारात्मक सोच रखने और कर्म सिद्धांतों को गहराई से समझने पर विशेष बल दिया।

धर्मसभा में आर्यिका श्री ने कहा कि मनुष्य को कभी भी गलत कार्यों की अनुमोदना नहीं करनी चाहिए। यदि आप किसी पाप कर्म का मौन या प्रत्यक्ष समर्थन करते हैं, तो आप भी उसी पाप के बराबर के भागीदार बनते हैं जो उसे करने वाला बनता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे अमृत और जहर की सही जानकारी न होने पर व्यक्ति बड़ी भूल कर बैठता है, ठीक वैसे ही जीवन में हर कार्य के गुण और दोष को अच्छी तरह समझना बेहद जरूरी है। इसके लिए अपनी दृष्टि बदलना आवश्यक है, क्योंकि दृष्टि नहीं बदलने से जीवन में वैचारिक और आध्यात्मिक दुर्घटना हो सकती है। यदि हम सावधान नहीं रहे, तो हमें भी उसी दुर्गति में जाना पड़ेगा जहां हम जाना नहीं चाहते, इसलिए हमेशा सदमार्ग पर चलने का प्रयास

#### सत्य को परखें

वर्तमान सामाजिक परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज

के दौर में सकारात्मक सोच का भारी अभाव देखा जा रहा है। हम अक्सर दूसरों की कही-सुनी बातों के अनुसार अपनी धारणाएं बना लेते हैं, जबकि किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले सत्य को अच्छी तरह परखना जरूरी है। उन्होंने श्रावकों को प्रेरणा दी कि जब भी जीवन में कोई व्रत, त्याग या नियम लें, तो उसका दृढ़ता से पालन करें। यदि किसी कारणवश कभी कोई भूल हो जाए, तो अहंकार छोड़ तुरंत प्रायश्चित करने से पीछे न हटें। धर्म के प्रति श्रद्धा को हमेशा अटल रखें और यदि कोई गलत रास्ते पर जा रहा हो, तो उसे सही राह दिखाने का प्रयास करें।

#### सीता से लें प्रेरणा

अपने कर्मों के फल के लिए दूसरों को दोषी ठहराने की मानवीय कमजोरी पर आर्यिकाश्री ने महासती सीता के जीवन का प्रेरक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि एक साधारण धोबी के कहने पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने सीता जी का परित्याग कर दिया था। इतनी विकट परिस्थिति के बावजूद सीता जी ने न तो श्री राम को दोषी माना और न ही अयोध्या की प्रजा को। उनका स्पष्ट मानना था कि यह सब उनके ही पूर्व अर्जित कर्मों का फल है। उन्होंने सीख दी कि संकट के समय दूसरों को दोष देने के बजाय अपने कर्मोदय को स्वीकार करना ही सच्ची धार्मिकता है।

# डॉ. कल्चुरी का सम्मान

**कलकसा।** राज्य गौरव सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आलोक कल्चुरी का छत्तीसगढ़ राजपूत महिला महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने निवास पहुंचकर सम्मान किया। महिला मंडल की अध्यक्ष राधासिंह बैस के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. कल्चुरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्कृष्ट चिकित्सा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर लीना गहरवार, साधना तोमर, सुचित्रा कल्चुरी, अंचलासिंह ठाकुर, रुबी गहरवार, प्राची सिंह एवं सानिध्य सिंह कल्चुरी सहित अन्य उपस्थित थी। सभी ने कहा कि डॉ. कल्चुरी ने होम्योपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर महिलाओं ने आयुष हॉस्पिटल की शोभी खान से भेंट कर उनकी सेवाभावना एवं कार्यशैली की प्रशंसा की।

# मलेरिया उन्मूलन के लिए सघन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत घोटिया अंतर्गत आने वाले ग्राम घोटिया, कोहकट्टा एवं बरनारा खुर्द में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोटिया ने सघन स्वास्थ्य अभियान चलाया। अभियान का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। अभियान में मुक्ता कुजूर, स्वाति बक्शी, मुकेश, गुमेन्द्र, उग्रसेन वर्मा, वर्षा साहू एवं मितानिनें शामिल हुई। टीम ने घर-घर जाकर सर्वे किया। बुखार से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उनका जांच कराने का परामर्श दिया। टीम ने घरों में रखे पानी, कूलर, पानी की टंकी, नाद, हैंडपंप के आसपास एवं खाली पड़े बर्तनों में लार्वा मच्छर का सर्वे किया। जिन घरों में लार्वा पाया गया उन्हें चिन्हांकित कर तुरंत सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई की गई।

#### ग्रामीणों को दिया स्वास्थ्य संदेश

अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय की विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों को बुखार आने पर झोलाछाप डॉक्टर से उपचार कराने के बजाए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जांच कराने कहा गया।

#### सहयोग की अपील

डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि मलेरिया और डेंगू को हराने के लिए केवल स्वास्थ्य विभाग का प्रयास तब तक काफी नहीं है जब तक ग्रामीण स्वयं जागरूक होकर अपने घर और आसपास सफाई नहीं रखेंगे। हम इन बीमारियों पर पूर्ण नियंत्रण नहीं पा सकते। उन्होंने कहा कि विभाग का लक्ष्य मलेरिया मुक्त गांव बनाना है और इसके लिए हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है। अभियान के अंत में ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य टीम को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**सांगिनकछार।** शाला विकास समिति के अध्यक्ष सागर वर्मा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड टेस्ट शिविर का आयोजन किया। शिविर में सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं ब्लड टेस्ट किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक पदमनी साहू, घनाराम पटेल, चंदूलाल साहू, भेखराम मंडावी, ऐश्वर्या रानी सिंह, लता भारती, पुरुषोत्तम यादव, गणेश्वर सिन्हा, दीनूराम मंडावी, माणिक वर्मा, लक्ष्मीबाई यादव, मनीष वर्मा, फूलबाई कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक ने सुनी समस्याएं

**डोंगरगढ़।** तिलई में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मंगलू की चाय दुकान में बैठकर ग्रामीणों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चाय पीते हुए खेती-किसानी, खाद की उपलब्धता तथा विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बाजार का भ्रमण करते हुए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके पश्चात मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन के घर जाकर जन्मदिन की बधाई दी।

### एक दूसरे पर लगाया सरकारी जमीन में अतिक्रमण का आरोप

# नगर पालिका में अतिक्रमण को लेकर राजनीति गरमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ईतवारी बाजार में सरकारी जमीन में दुकान बनाकर किराया लेने वाले कांग्रेसी पार्षद के खिलाफ नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर को शिकायत कर कारवाई की मांग की। वही दूसरी ओर शहर कांग्रेस ने भी भाजपा पार्षद और नपा अध्यक्ष के भतीजे द्वारा सरकारी जमीन मे अतिक्रमण की शिकायत कर कब्जा हटाने की मांग की है। इसके चलते शहर की राजनीति मे हलचल मची हुई है।

जानकारी अनुसार नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने ईतवारी बजार वार्ड पार्षद दीपक देवांगन के खिलाफ ब्लाक नंबर 9 में 535 वर्गफीट जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान बनाकर किराए में देने और उसके बाद भी अतिक्रमित जमीन के सामने लगे खाली सरकारी जमीन को घेरने का आरोप लगाया है।

### नपा अध्यक्ष ने की कलेक्टर से शिकायत

कलेक्टर को प्रेषित शिकायत पत्र में नपा अध्यक्ष ने कहा है कि पुराने समय में आमनेर नदी में जंवारा घाट के नाम से जिस जगह को जाना जाता था और श्रद्धालु कलश विसर्जन करते थे। कांग्रेस पार्षद ने घाट जाने वाले रोड को घेरकर दुकान बना लिया है जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है इसके अलावा उसी जगह पर 33 केवी का बिजली ट्रांसफार्मर है जिसके चलते अप्रिय घटना की आशंका चौबीसों घंटे बनी हुई है। नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से दुकान बनाकर कांग्रेसी पार्षद ने उसे किराए पर दे दिया है और अनुचित ढंग से किराया राशि वसूल रहा है। उन्होंने निजी लाभ लेने का आरोप लगाते हुए जनहित को देखते हुए बेदखली की कारवाई करने के साथ-साथ सरकारी जमीन पर निर्मित उक्त दुकान को आधिपत्य में लेने की मांग की है।

### भाजपा पार्षद पर कब्जा करने की हुई शिकायत

*नपा अध्यक्ष द्वारा कांग्रेसी पार्षद दीपक देवांगन के खिलाफ अतिक्रमण मामले में शिकायत की जानकारी होने की जानकारी मिलते ही शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज ने कलेक्टर को शिकायत आवेदन सौंपकर धरमपुरा वार्ड पार्षद यपेंद्र रजक द्वारा ईतवारी बाजार में निर्मित कांपलेक्स के बाजू की सरकारी जमीन पर बलपूर्वक अतिक्रमण कर दुकान बनाकर संचालन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा इस प्रकार का कृत्य किसी भी स्थिति मे वाजिब नही है। शहर अध्यक्ष ने कहा कि पद में होने का बेजा फायदा उठाते हुए रूपेंद्र रजक ने कब्जा किया है जबकि वह सार्वजनिक शौचालय आने जाने का आम रास्ता है। अवैध कब्जा के चलते लोगों को परेशानी हो रही है वही अन्य कब्जाधारियों का हौसला बुलंद हो रहा है। इसके अलावा शहर अध्यक्ष डॉ भारद्वाज ने नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर के भतीजे सोनू चंद्राकर द्वारा अमलीपारा वार्ड स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 124/125 में बलपूर्वक कब्जा कर दो मंजिला मकान दुकान बनाने की शिकायत करते हुए बताया कि सरकारी रिकार्ड में खसरा नंबर 125 मुख्य नाला के रूप मे दर्ज, लेकिन सत्ता सरकार में होने के चलते नपा अध्यक्ष के भतीजे ने अवैध निर्माण कराया है। शहर अध्यक्ष ने दोनों मामलों में कारवाई कर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की मांग की है।*

# प्रधान आरक्षक आत्महत्या मामले में माता-पिता ने कहाः नए सिरे से हो जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- 6 जून को हुई थी संदिग्ध मौत
- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छुईखदान थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक शीतल यादव की 6 जून को हुई संदिग्ध आत्महत्या का मामला अब प्रशासनिक और कानूनी हलको में गरमा गया है। मृतक के बुजुर्ग माता-पिता पुनीतराम यादव व चंपा यादव तथा भाई भानुप्रताप यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर घटना की निष्पक्ष व गहन जांच कराने के अलावा मृतक की पत्नी के बजाय पोते को अनुकंपा नियुक्ति देने की गुहार लगाई है।

मृतक के भाई भानुप्रताप यादव का आरोप है कि घटना के बाद से परिवार लगातार पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा था। एसपी कार्यालय में लिखित आवेदन देने का प्रयास किया गया, लेकिन वहां आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। अंततः निराश होकर परिजनों को कलेक्टर कार्यालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। ज्ञापन सौंपे जाने के 10 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई न होने से परिवार में असंतोष है।

### बेटे लक्षित यादव के लिए मांगा अनुकंपा नियुक्ति

*मृतक शीतल यादव के वृद्ध माता-पिता का कहना है कि शीतल ही उनके बुढ़ापे का एकमात्र सहारा था। अनुकंपा नियुक्ति पत्नी सती यादव को न देकर मृतक के पुत्र लक्षित यादव के नाम आरक्षित की जाए, ताकि उसका भविष्य सुरक्षित हो सके। पेंशन का लाभ भले ही पत्नी को दे दिया जाए, लेकिन नौकरी पर पहला हक बेटे का होना चाहिए। उनका कहना है कि उनका मकसद किसी पर बेबुनियाद आरोप लगाना नहीं, बल्कि अपने बेटे की मौत से जुड़े सवालों का सच जानना है। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।*

### सीसीटीवी फुटेज और बयानों में विरोधाभास का दावा

परिजनों ने आवेदन में घटना से जुड़ी कई संदिग्ध परिस्थितियों को रेखांकित करते कहा कि पत्नी सती यादव के अनुसार शीतल यादव रात 12 बजे घर लौटे थे। जबकि परिजनों का दावा है कि वे रात 9 से 10 बजे के बीच ही घर पहुंच चुके थे। पत्नी ने सुबह 4 बजे घटना की जानकारी मिलने की बात कही, पुलिस को बताया है। जबकि आसपास के सीसीटीवी फुटेज में पत्नी रात के समय घर के बाहर आती-जाती दिखाई दे रही है। परिजनों ने इस फुटेज को जांच में शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने घटना से पूर्व 27 अप्रैल से 20 मई के बीच पत्नी के मायके प्रवास और दोनों के बीच चल रहे कथित मनमुटाव के बिंदुओं की भी जांच की मांग की गई है।

# 89 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

पाण्डातराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिस देकर अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के पास से 89 पौवा देशी अवैध शराब जब्त की है। आरोपी के विरूद्ध विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को थाना पाण्डातराई पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पाण्डातराई स्थित अमन चखना दुकान के सामने एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने के उद्देश्य से शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी एवं कार्रवाई की गई। मौके पर आरोपी सूरज मानिकपुरी, पिता तारन दास मानिकपुरी, उम्र 18 वर्ष 02 माह, निवासी ग्राम घोघरापारा, वार्ड क्रमांक 08, थाना पण्डरिया के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर बिक्री हेतु रखी 89 नग पौवा रोमियो देशी प्लेन मदिरा, प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई, कुल 16.20 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 7,120 रुपये बरामद कर विधिवत जप्त की गई।

# गायत्री स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक विभाग में छात्र नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तर दायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र प्रतिनिधियों तथा चारों हाउस, शिवाजी, आजाद, प्रताप और सुभाष के प्रीफेक्ट एवं असिस्टेंट हाउस प्रीफेक्ट का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षणिक प्रभारी अमित उत्तलवार, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उप प्राचार्य वंदना डुम्भरे द्वारा किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि

अधिवक्ता कुसुम दुबे के स्वागत पश्चात प्राथमिक विभाग की नवनिर्वाचित छात्रा प्रतिनिधि महक पंजवानी, असिस्टेंट छात्रा प्रतिनिधि नित्या सिंह, छात्र प्रतिनिधि उज्जवल दुबे, असिस्टेंट छात्र प्रतिनिधि आरव पंजवानी, प्रीफेक्ट एवं असिस्टेंट प्रीफेक्ट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बैच पहनाकर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल व मुख्य अतिथि कुसुम दुबे ने अपने-अपने विचार रखे।

## खबर संक्षेप

### मल्लिकार्जुन मंदिर की झांकी दर्शन आरंभ

**राजनांदगांव।** श्री बागेश्वर मंदिर सेवक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, विजय गुप्ता, गणेश गुप्ता, राज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, अजय गुप्ता व मयंक शर्मा ने बताया कि सावन मास में

बागेश्वर धाम मंदिर में देश के 12 ज्योतिर्लिंगो में से एक प्रमुख ज्योतिर्लिंग आंध्रप्रदेश में स्थित मल्लिकार्जुन श्री शैलम मंदिर की थ्री-डी झांकी निर्मित की गई है। थ्री-डी इफेक्ट में हमें उक्त मंदिर में होने का आभास होता है। श्री शैलम मल्लिकार्जुन मंदिर की स्थापना पूजन भगवान भोलेनाथ का आव्हान कर उद्घाटन किया गया। पूजन विधि-विधान से नरसिम्हा रेड्डी द्वारा किया गया। स्थापना पूजन आरती में राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, शिवनाथ क्षेत्रीय तट अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन, गुरमुखदास वाधवा, राजा गुप्ता, मणिभास्कर गुप्ता, अमलेंदु हाजरा, रेखा मेश्राम, आदर्श वासनिक, सौरभ खंडेलवाल, महेश शर्मा, मारुति अक्षय राव आदि शामिल हुए।

### महाकाल की आरती 10 को

**राजनांदगांव।** महकाल भक्तों के लिए दर्शन और भक्ति का सुनहरा अवसर है। 10 अगस्त को होने वाली बाबा महाकाल की भव्य आरती और दर्शन के लिए है। यह उत्सव महाकाल मंदिर सिंघोला अनुसार भस्म आरती सुबह 2.30 बजे से शुरू होगी। श्रृंगार आरती सुबह 4.30 बजे से शुरू होगी। सभी भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे इस भव्य आरती में उपस्थित होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करें। अतः आरती से दिव्य दर्शन एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें। उक्त जानकारी महाकाल भक्त पवन डागा ने दी।

### व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी गठित

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी की बहु प्रतीक्षित व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन हो गया। जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति पर जिला संयोजक ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर दिया है।

### हरडुवा में आमसभा आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम हरडुवा पंचायत भवन में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच गंगेश्वर वर्मा, उपसरपंच डॉ. ऋषि वर्मा, मीडिया प्रभारी तोषण सिन्हा, रोहित वर्मा, डेरहा वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, बिनेश वर्मा,

सागर वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, जीवराखन, गिरिश चंदेल, रोजगार सहायक, सचिव एवं गणमान्य नागरिकों को उपस्थिति रही। रोहित वर्मा ने बताया की सरपंच गंगेश्वर वर्मा गांव के विकास कार्यों के लिए हर वार्ड के लिए नाली निर्माण, आरसीसी रोड और जिस रोड में मुरूम की जरूरत के हिसाब से मुरमीकरण करने प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारी के समक्ष प्रस्ताव रखकर कार्य निर्माण को अतिशीघ्र करवाने उत्साह देखा गया। रोहित वर्मा ने सरपंच के विचारधाराओं से अवगत होकर खुशी जाहिर की।

### सैनिकों के लिए राजपूत समाज ने भेजी राखियां

**राजनांदगांव।** सीमा पर देश की रक्षा में तैनात सैनिकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना व्यक्त करते राजपूत करणी सेवा के नेतृत्व में राजपूत समाज के लोगों ने सैनिकों के लिए राखियां भेजी। ऑडिटोरियम में

आयोजित सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान कार्यक्रम में समाज के लोगों ने सैनिकों के लिए राखियां एवं शुभकामना संदेश तैयार कर भेजा है। कार्यक्रम में राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए। इस दौरान सैनिकों के सम्मान और उनके प्रति समाज की जिम्मेदारी को लेकर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह का राजपूत करणी सेवा एवं समाज की ओर से राखी और शाल भेंटकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश की सीमाओं पर सैनिक विपरीत परिस्थितियों में रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर राजपूत समाज के प्रदेश महासचिव गोल्डी भदोरिया, जिला अध्यक्ष अमन बहादुर सिंह, कपिल सिंह चौहान, अजय कुशवाहा, संजय सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, महिलाएं एवं सदस्य मौजूद रहे।

### ज्ञानेश्वरी का प्रदेश अध्यक्ष ने किया अभिनंदन

**राजनांदगांव।** राष्ट्र मंडल खेल 2026 में भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक जीतकर देश, प्रदेश और यदुवंशी समाज का नाम संपूर्ण विश्व में रोशन करने वाली ज्ञानेश्वरी यादव के निवास में पहुंचकर समाज

की ओर से उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ एवं सर्व समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने अपनी वरिष्ठ सामाजिक टीम एवं युवा मंच के प्रतिनिधियों के साथ ज्ञानेश्वरी यादव के गृह-निवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ, शाल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर उनका आत्मीय सम्मान व अभिनंदन किया।अभिनंदन समारोह के दौरान हरीश यादव, उपेंद्र यादव, विनोद (बंटी) यादव, दुर्गेश यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, सतीश यादव, रिभय यादव, मयंक यादव, सूरज यादव, दिग्विजय यादव, करण यादव, वीरेंद्र यादव, कमल यादव, सावन यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

### श्रेय लूटने की राजनीति बंद करे भाजपा : अभिमन्यु

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़-कटघोरा नई रेल लाइन परियोजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा जिस प्रकार श्रेय लेने की होड़ मचाई जा रही है, वह जनता को भ्रमित करने का एक असफल प्रयास है। सच्चाई यह है कि यह परियोजना वर्ष 2018 में तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी तथा उसका विधिवत शिलान्यास भी किया जा चुका था। प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि भाजपा के ही नेताओं और पदाधिकारियों के हालिया बयानों तथा समाचार पत्रों में प्रकाशित वक्तव्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि वे स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि वर्ष 2018 में तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों से इस परियोजना को स्वीकृति मिली थी। ऐसे में आज वर्तमान सांसद द्वारा उसी परियोजना को दोबारा स्वीकृत कराने का श्रेय लेना जनता के साथ छल और राजनीतिक दिखावा है।

## कार्यशैली को लेकर उठने लगे सवाल

# यथा स्थिति के आदेश पर भारी रसूख, नगर पालिका बेबस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के बहुचर्चित एडवर्ड पार्क मामले में जिला प्रशासन के निर्देश बाद यथा स्थिति बनाए रखने के अपने ही आदेश का पालन कराने में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के हाथ-पांव फूले हुए हैं।

रसूखदार धड़ल्ले से दर्जनों मजदूर लगाकर काम कर रहा और नपा के जिम्मेदार एक-दूसरे का मुंह ताक रहे हैं। जिसके चलते लोगों के बीच जिला प्रशासन और नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगा है कि क्या नियम छोटे गरीब तबके के लोगों के लिए हैं। जिनके मकान-दुकान को कभी अतिक्रमण तो कभी आवाजाही में दिक्कत के नाम पर बुलडोजर से ढहा दिया जाता है और जब पार्क मामले में गठित जांच समिति ने जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने कहा है तो क्यों नपा जानबूझकर रसूखदार को निर्माण काम कराने दे रही है।

हालांकि इस मामले में आयोजित समिति की दोनों बैठक में अधिकारियों ने नपा सीएमओ को काफी फटकारा भी है, लेकिन इसके बाद भी सीएमओ की रसूखदार पर रहमदिली किसी के पल्ले नहीं पड़ रही है। नोटिस तामीली के समय निर्माण की स्थिति और वर्तमान स्थिति इसका प्रमाण है कि नपा का पूरा अमला धरातल में काम करने की स्थिति में नहीं है।

### आदेश कागजों में, निर्माण स्थल पर काम जारी

*राजनांदगांव-कवर्धा रोड पर सिविल कोर्ट के सामने जमीन में अवैध प्लाटिंग की शिकायत पर एसडीएम द्वारा गठित जांच समिति ने पाया कि उक्त जगह पर अवैध प्लाटिंग हुई है और जमीन सरकारी रिकार्ड में घास, जंगल और पार्क के रूप में दर्ज है। कलेक्टर के अनुमोदन बाद कारवाई के लिए नपा को अधिकृत किया गया, लेकिन नौ महीने तक नपा कागज दबाए रही। दोबारा मामला खुलने पर जमीन की वैधता को लेकर शिकायत जांच के लिए कमिश्नर के निर्देश पर एडीएम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। जिसकी दो बैठकें भी हो गई है। दोनों बैठक में शिकायतकर्ता द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश की अनदेखी को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति करने पर एडीएम सहित अन्य समिति सदस्यों ने भी सीएमओ को निर्माण कार्य प्रारंभ होने की स्थिति में सामान जब्ती और बिजली कनेक्शन काटने कहा है, लेकिन अधिकारियों के उक्त आदेश और फटकार को भी नगर पालिका के जिम्मेदार हवा में उड़ा रहे हैं। जिसके चलते रसूखदार खुलेआम धड़ल्ले से दर्जनों मजदूर लगाकर काम करा रहा है। सूचना मिलने पर अधिकारी बाहर होने और कर्मचारी खुद को छोटा कर्मचारी बता कार्रवाई करने से हिचकिचा रहे हैं।*

### अभी बाहर हूं

अभी बाहर हूं, हाईकोर्ट में याचिका लगाने की जानकारी है, स्टे हटाने को लेकर कोई निर्देश कोर्ट से नहीं मिला है। काम यदि चालू है तो सोमवार को आकर कार्रवाई करूंगा।

**- पुनीत राम वर्मा,** सीएमओ

### जानकर भी अनजान बन रहा नपा

मौके पर निर्माण कार्य जारी रहने से प्रशासनिक निर्देशों की प्रभावशीलता पर सवाल खड़ा हो रहा है। मामले में नगर पालिका द्वारा नोटिस तामीली के समय निर्माण की जो स्थिति दर्ज की गई थी, उसकी तुलना वर्तमान स्थिति से करने पर अंतर साफ दिखाई देता है। आरोप है कि यथास्थिति के निर्देश के बाद भी निर्माण कार्य आगे बढ़ा है। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि नगर पालिका का अमला आखिर मौके पर कार्रवाई करने में क्यों असमर्थ है। शहर में यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या नियम-कानून केवल छोटे और गरीब तबके के लोगों के लिए ही है। शहर में अतिक्रमण अथवा आवागमन में बाधा के नाम पर गरीबों के मकान-दुकान पर तत्काल कार्रवाई करने वाला नगर पालिका अमला रसूखदार के मामले में आखिर इतनी नरमी क्यों बरत रहा है। सामान्य शब्दों में यह मामला प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अनदेखी है, लेकिन अनदेखी करने वाला यदि गरीब तबके को हो तो नपा सिर पर बैठकर आदेश की तामीली करवाएगी, लेकिन यदि रसूखदार से संबंधित हो तो नियम कानून, बड़े अधिकारियों के आदेश को भी नपा के जिम्मेदार किनारा कर सकते हैं, यह एडवर्ड पार्क मामले में स्पष्ट पता चल रहा है।

## गांव के युवाओं ने दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेरा युवा भारत के अंतर्गत संचालित स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अवसर पर जिला युवा अधिकारी शुभजीत-डे के निर्देशन में शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम करमतरा में चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### उत्साह से लिया भाग

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख जगदीश प्रसाद साहू रहे। साथ ही विद्यालय के व्याख्याता आरपी देवांगन एवं केएस सोरी, अर्चना साहू, राकेश साहू, मनीष शर्मा एवं पूर्व एनवाईव्ही धनंजय साहू की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक डोंगरगांव के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक रूपमाला साहू द्वारा किया गया। चित्रकला में विद्यालय के कुल 33 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक एवं बढ़-चढ़कर भाग लिया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक धनंजय साहू ने दी।

## स्काउटिंग सिखाएगी सेवा, नेतृत्व का पाठ

### जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में जिला स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट-गाइड व निपुण रोवर-रेंजर जांच शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में हुआ। शिविर में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए स्काउट्स, गाइड्स, रोवर एवं रेंजर्स उत्साह के साथ शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त भागवत शरण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते कहा कि स्काउटिंग केवल एक गतिविधि या प्रशिक्षण नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम को जीवन में उतारने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर भविष्य के जिम्मेदार नागरिक हैं। शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण और अनुभव का उपयोग वे समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में करें।

### व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम

कार्यक्रम अध्यक्ष डाइट प्राचार्य डॉ. निहारिका कर्महे ने की। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम है। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता डॉ. मोनिका सिंह और डॉ. मकसूद खान ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण शिविर का पूरा लाभ लेने और सीखी गई गतिविधियों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने प्रेरित किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को स्काउटिंग व गाइडिंग से जुड़े विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण और जांच दी जाएगी। इसके साथ ही अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों को विकसित करने पर भी जोर दिया जाएगा। शिविर के सफल संचालन एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में जिला सचिव केके वर्मा, डीओसी धनुष सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## युनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस का वृहद बीमा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- खैरागढ़ में विश्व आदिवासी दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को युनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस कंपनी लिमिटेड (शाखा कार्यालय राजनांदगांव) द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम शासकीय कन्या विद्यालय (नं. 2) खैरागढ़ में एक दिवसीय बीमा जागरूकता सह-वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के लगभग 400 छात्राओं एवं 40 से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता की। मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक हरींद्र सिंह ने विद्यार्थियों को सामान्य बीमा, स्वास्थ्य, मोटर, आयुष्मान भारत, केंद्र व राज्य सरकार प्रायोजित बीमा योजनाओं, स्टूडेंट सेफ्टी, सम्पूर्ण सुरक्षा बीमा (व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा) एवं परम मित्र सुरक्षा (मौसम आधारित पैरामीट्रिक इंश्यूरेंस) के महत्व से अवगत कराया। साथ ही बीमा क्षेत्र में एक्चुअरी, अंडरराइटर एवं बीमा सलाहकार जैसे करियर अवसरों की जानकारी दी। इसके साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिंह ने बीमा और सामाजिक भागीदारी पर अपने विचार व्यक्त किए।

### पुस्तकालय के लिए पुस्तकें भेंट

*विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश्वर सिंह राजपूत ने वित्तीय साक्षरता पर अपने विचार रखे। इस दौरान आयोजित क्विज एवं एक्स्टेंपोर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा विद्यालय पुस्तकालय को पुस्तकें भेंट की गई। प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने मौसम आधारित आधुनिक परम मित्र सुरक्षा (पैरामीट्रिक इंश्यूरेंस) पॉलिसी को अपनाया, जिसे मौके पर ही उन्हें सौंपा गया।कार्यक्रम का समापन परिसर में वृक्षारोपण एवं जलपान वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक रजनीश कुमार सक्सेना, एसबीएम विवियन विक्टर, प्रशासनिक अधिकारी दीपक नाइकर एवं बीमा सलाहकार लोकेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया।*

## पुलिस की रेंज स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

# कार्य क्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ अपने आपको बेहतर बनाए : आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक राजनादगांव रेंज अजय कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कर्मचारियों, अधिकारियों के व्यक्तित्व विकास एवं कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 4 एवं 5 अगस्त को पेशेवर आचरण एवं मानसिक लचीलापन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में कराया गया।

प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक राजनादगांव रेंज राजनांदगांव अजय कुमार यादव द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते पुलिस की कार्य पर होनी वाली गलतियों पर ध्यान देने, कार्यक्षमता एवं सीखने की क्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ अपने आपको बेहतर बनाए रखने के बारे में समझाइश दिया गया।

### सीखने की क्षमता में करें वृद्धि

*इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते कहा कि अपने कार्य को बेहतर बनाने के लिए अपने आपको मजबूत एवं मानसिक एवं फिजिकली रूप से स्वस्थ रखकर कार्यक्षमता एवं सीखने की क्षमता में वृद्धि करने के बारे में समझाइश दिया गया।*

### उपयोगी तकनीको से कराया परिचित

प्रशिक्षक कार्यक्रम में नेप्रा कंसल्टिंग के विषय विशेषज्ञ डॉ. नेहा शुक्ला, डॉ. प्रतिभा दईपुरिया, अनिकेत सिंग देवोल एवं अन्य सहयोगी स्टॉफ द्वारा विभिन्न उदाहरणों, समूह गतिविधियों एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने तथा स्वयं को प्रेरित बनाए रखने के लिए उपयोगी तकनीकों से परिचित कराया।

### व्यवहारिक उपायों पर चर्चा

*प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर पेशेवर आचरण, प्रभावी संवाद, नैतिक मूल्यों, टीम भावना, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मानसिक लचीलेपन की अवधारणा, तनाव प्रबंधन, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संतुलित निर्णय लेने, भावनात्मक नियंत्रण तथा सकारात्मक सोच विकसित करने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।*

### ज्ञानवर्धक रहा प्रशिक्षण

प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताते कहा कि इससे उन्हें अपने व्यावसायिक व्यवहार में सुधार, तनाव से बेहतर तरीके से निपटने तथा कार्यस्थल पर अधिक सकारात्मक एवं प्रभावी भूमिका निभाने में सहायता मिलेगी। राजनांदगांव रेंज के सभी जिलों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से उप निरीक्षक स्तर तक के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव अजय कुमार यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते आशा जताई कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग वे अपने दैनिक कार्यों में प्रभावी रूप से करेंगे।

## स्पर्धा में संस्कारधानी ने कराते में जीते 11 पदक

**राजनांदगांव।** इंडियन चैलेंजर्स कप अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता 2026 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने देश के लिए 2 स्वर्ण, एक रजत एवं 8 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। इन खिलाड़ियों ने अपने कोच एवं वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक सेन्साई कमल पूजन के साथ मोतीपुर स्थित महापौर निवास पहुंचकर महापौर मधुसूदन यादव से सौजन्य भेंट की एवं अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक कमल पूजन ने महापौर को अवगत कराया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता शेई शिनकाई शितोरियू कराते डू फेडरेशन एवं कराते डू एसोशियेशन बंगाल द्वारा संयुक्त रूप से नेताजी इंडोर स्टेडिम कोलकाता पश्चिम बंगाल में 31 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित की गई थी। जिसमें टीम कोच सेन्सई शशांक गुप्ता के नेतृत्व में राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर एवं रायपुर के खिलाड़ियों ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। राजनांदगांव से प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों ने अन्य प्रान्तों से पहुंचे खिलाड़ियों के साथ भारत देश का प्रतिनिधित्व करते पदक अर्जित कर जिला, प्रदेश एवं देश को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में 9 विभिन्न देशों के कुल 8900 से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत की थी।

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष रमन आज से जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव**। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 9 एवं 10 अगस्त को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 9 अगस्त को सुबह 11 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 12.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे कृष्ण कुंज जज कॉलोनी के पास रामकृष्ण नगर वार्ड क्र. 22 राजनांदगांव पहुंचकर 2000 सीटर ऑडिटोरियम निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.15 बजे कृष्ण कुंज रामकृष्ण नगर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.25 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 3 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3.10 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव पहुंचकर बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 3.40 बजे दिग्विजय स्टेडियम से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 10 अगस्त को सुबह 7 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 7.10 बजे नंदई चौक राजनांदगांव पहुंचकर कांवड़ यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष सुबह 8 बजे नंदई चौक से कार द्वारा प्रस्थान कर सुबह 8.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर क्लब चौक पहुंचेंगे एवं महाकाल यात्रा में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.50 बजे बसंतपुर क्लब चौक से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव**। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में प्रवासी मजदूरों की हत्या के विरोध में हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव ने प्रधानमंत्री के नाम

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन ने घटना की निंदा करते दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक अभियान चलाने की मांग की। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि कुलगाम में दो प्रवासी मजदूरों की आतंकवादी हमले में हत्या अत्यंत दुखद और निंदनीय है। संगठन का कहना है कि मीडिया में ऐसी खबरे सामने आई है कि हमलावरों ने गोली चलाने से पहले पीड़ितों से उनकी धार्मिक पहचान पूछी थी। मंच ने मांग की कि इस पहलू की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराई जाए। यदि जांच में यह तथ्य सही पाया जाता है, तो इसमें शामिल आतंकवादियों और षड्यंत्रकारियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के तहत कठोरतम सजा दी जाए। ज्ञापन में आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मृतकों के परिजनों को समुचित आर्थिक सहायता और हरसंभव सहयोग देने की भी मांग की गई। संगठन ने कहा कि धर्म, जाति या किसी भी पहचान के आधार पर निर्दोष लोगों की हत्या मानवता के विरुद्ध अपराध है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हिंदू जागरण मंच ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाने की अपील करते कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने सख्त कार्रवाई आवश्यक है। ज्ञापन में पुलवामा की घटना का भी उल्लेख करते आतंकवाद के विरुद्ध कठोर नीति अपनाने की मांग की गई।

### रानीसागर तालाब में 20 को मॉक ड्रिल का आयोजन

**राजनांदगांव**। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में आपदा को दृष्टिगत रखते 20 अगस्त को राजनांदगांव शहर के रानीसागर तालाब में काल्पनिक अभ्यास कार्यक्रम (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया है। मॉक ड्रिल में आपदा के समय होने वाले कार्यों का अभ्यास कराया जाएगा। आयोजन के संचालन के डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोराम को जिले के लिए इंसिडेंट कमांडर, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग के लिए इंसिडेंट कमांडर, सभी तहसीलदारों को तहसील के लिए इंसिडेंट कमांकर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

### कुमर्दा में कांग्रेस की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित

**राजनांदगांव**। बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, बिजली उपभोक्ताओं के प्रपत्र भरवाने तथा बिजली मीटर हटाने के मुद्दे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी

कुमर्दा की महत्वपूर्ण बैठक रेस्ट हाउस कुमर्दा में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों ने जनसंपर्क अभियान चलाकर उपभोक्ताओं की समस्याएं एकत्रित करने और उन्हें शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई। बैठक में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनें, आवश्यक प्रपत्र भरवाएं तथा अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी शिशुपाल भारती, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लालचंद साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप सिंह घावड़े, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कांति भंडारी, मंडल अध्यक्ष दुर्गा महानादिया, मंडल अध्यक्ष रामाधार साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खान, जनपद सदस्य देव पन्द्रो, ब्लॉक महामंत्री मधु रावटे, सेक्टर प्रभारी लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामगुलाल घावड़े, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चुरेंद्र सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
बैठक में अभियान के दौरान बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का दस्तावेजीकरण करने फोटोग्राफी एवं वीडियो रिकॉर्डिंग करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर पन्ना साहू, विशाल बघेल, विजय भारद्वाज, सालेंद्री सिन्हा, कोमल साहू, राजकुमार बोरकर, चंदू सिन्हा, रघुवीर साहू, केशव चंद्रवंशी, भलचंद साहू, कोमल मंडावी, डालचंद साहू, भावेश साहू, हीरेन्द्र साहू, दिनेश ठाकुर, पूरन साहू, मुकेश साहू, धन्नी साहू, शिव साहू, फकीर साहू, विक्रम दास साहू, मोतीन खान, रामजी तरसेन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक मजबूती से उठाने का संकल्प लिया।

### किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव**। पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सुरगी द्वारा स्थापित कृषि तकनीकी सूचना सलाह केन्द्र अंतर्गत ग्रामीण उद्यमिता जागरूकता विकास योजना (रेडी ) के चयनित ग्राम धामनसरा में कृषकों के लिए खरपतवारों की पहचान एवं उसके नियंत्रण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

## खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी को 2 लाख रुपए का चेक प्रदान कर दी शुभकामनाएं

# ज्ञानेश्वरी का नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम राजनांदगांव की ओर से एक आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता भारत्तोलन खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी को 2 लाख रुपए का चेक प्रोत्साहन एवं सम्मान राशि के रूप में प्रदान करते शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी की उपलब्धि को राजनांदगांव जिला, छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं देश के लाखों युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया, जो खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने कठिन परिश्रम एवं संघर्ष कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि स्कॉटलैंड के ग्लासगो शहर में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 के भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक जीतकर राजनांदगांव जिला, छत्तीसगढ़ प्रदेश और भारत देश का नाम संपूर्ण विश्व में रोशन करने वाली राजनांदगांव की माटी की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव का नगर निगम की ओर से नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन स्थानीय गौरवपथ स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें आयोजक मंडल की ओर से महापौर मधुसूदन की अगुवाई में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र (पारस) वर्मा, समस्त पार्षदगण, निगम कमिश्नर जीआर मरकाम एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। भारत्तोलन खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव का सम्मान करने आयोजन में आईजी राजनांदगांव रेंज अजय कुमार यादव, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी अंकिता शर्मा सहित विभिन्न सामाजिक, नागरिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव का

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित**

महापौर ने इस बात को रेखांकित किया कि राजनांदगांव में डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्वकाल में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कई क्रांतिकारी पहल की गई। जिसमें खेल एवं खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं एवं उत्कृष्ट अधोसंरचना उपलब्ध करावाने की दिशा में ध्यान केनद्रित किया गया था। जिसके दूरगामी सुखद परिणाम अब प्राप्त होने लगे हैं और ज्ञानेश्वरी जैसी खेल प्रतिभाएं अब हमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रही है।

### जिला कोसरिया यादव महासभा ने किया समारोह का आयोजन

*जिला कोसरिया यादव महासभा द्वारा 7 अगस्त को जिलाध्यक्ष कंसूराम यादव एवं समस्त जिला पदाधिकारी, सर्किल पदाधिकारी, महिला मंडल, युवा मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर व यादव समाज की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव के नगर आगमन पर सामाजिक भवन कौरिनभाठा में भव्य सम्मान सत्कार किया गया एवं आगे बढ़े ऐसी उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर स्कॉटलैंड में आयोजित कॉमन वेल्थ गेम्स प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि यादव समाज का साथ हमेशा मुझे मिला है एवं भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से वह आगे भी अच्छे से अच्छा कड़ी मेहनत कर होने वाले प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ एवं यादव समाज को गौरवान्वित करेगी। उक्त जानकारी जिला कोसरिया यादव महासभा समाज के महामंत्री महेश कुमार यादव द्वारा दी गई है।*

### 28 अगस्त तक सावन महोत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव**। लालबाग स्थित शिव सेवा मंडल द्वारा इस वर्ष भी 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सावन महोत्सव का आयोजन चलता रहेगा। भोले बाबा के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि सोमवार को सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा में भोले बाबा के भक्तों द्वारा मोहारा से जल यात्रा एवं सिंघोला महाकाल मंदिर के दर्शनकर लालबागेश्वर धाम में जल चढ़ाया जाएगा। 11 बजे आचार्य द्वारा सामूहिक शिव बाबा का रुद्राभिषेक संगीतमय माध्यम से धूमधाम से किया जाएगा। रात्रि 7.30 बजे गली नंबर 5 स्थित शिव मंदिर में ताल छापर वाले गणेश मिश्रा का 2297वां सुंदरकांड तथा खाटूश्याम बाबा के भजन कार्यक्रम का आयोजन आकर्षण का केंद्र होगा।

शिव सेवा मंडल के सदस्य हरि तेजवानी एवं कमल चिचेरिया ने बताया कि 30 जुलाई से अनवरत रूप से सावन महोत्सव शुरू हो चुका है। जिसके तहत सुबह 8 बजे पार्थिव शिवलिंग एवं लालबागेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया जाता है एवं लाल बागेश्वर महादेव की भव्य महाआरती की जाती है। रात्रि 8 से 9 बजे शिव चालीसा का पाठ तथा महाआरती की जाती है। यह 28 अगस्त तक अनवरत चलेगा।

## दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 7 अगस्त को दीक्षारंभ (इनडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। कठोर परिश्रम किए बिना किसी भी महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल नहीं किया जा सकता। सभी छात्राओं को अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए और प्रतिदिन उस दिशा में कुछ न कुछ प्रगति अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने कहा कि अनुशासन ही आजादी है तथा आजादी ही बंधन है अर्थात अनुशासन को यदि आप आत्मसात करते हैं तो इससे आपको आजादी की अनुभूति होती है। उसी प्रकार यदि आप आजादी के आदि हो जाते हैं तो यह आपके लिए बहुत बड़ी बंधन बन जाती है।

प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने कहा कि आप सभी के लिए महाविद्यालयीन जीवन में प्रवेश करने का समय एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं का कलेक्टर द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं की भूमिका पर आधारित एक पोस्टर का अनवारण किया गया।

महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मणिभास्कर गुप्ता ने कहा कि सभी छात्राओं को मर्यादित रूप से आगे बढ़ते सफलता हासिल करनी चाहिए। नवप्रवेशित छात्राओं की झिझक को दूर करने के उद्देश्य से इस अवसर पर उनके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

## इनामी फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- शराब जब्ती मामले में थी पुलिस को तलाश

अवैध शराब जब्ती प्रकरण में घटना दिवस से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस द्वारा फरार एवं इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी मोहारा एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू उर्फ छोटे कट्टी 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहारा को गिरफ्तार कर लिया।

### पूर्व में तीन पकड़े गए

*7 मई को मुखबीर की सूचना पर पुलिस चौकी मोहारा की टीम ने कोटरीछापर रोड स्थित मुढिया नाला के पास दबिश देकर मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की की 9 पेटी (450 पौवा) कीमती 60,750 रुपए एवं एक ओला ईवी स्कूटी जब्त की थी। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जबकि मुख्य आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू मौके से फरार हो गया था।*

### पुलिस ने की कार्रवाई

*पुलिस के अनुसार फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा 5,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। लगातार तकनीकी निगरानी, मुखबीर सूचना एवं साइबर सेल के सहयोग से पुलिस ने 8 अगस्त को आरोपी को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को महाराष्ट्र में बेच दिए जाने की जानकारी दी। वहीं आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया है। वाहन की बरामदगी के संबंध में आगे की विवेचना जारी है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।*

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन के संबंध में जिले के शहरी क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का नगर पालिक निगम राजनांदगांव के टाउन हॉल में तथा शहरी क्षेत्र के निजी एवं शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों का कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भवन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

बताया गया कि 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले में 1 से 19 आयु वर्ग के 3 लाख 72 हजार 405 बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल टेबलेट के सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। सभी शिक्षकों को प्रचार-प्रसार सामग्री एवं एल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया। एलबेन्डाजॉल 400 मिग्रा की दवा 1-2 वर्ष के आयु वर्ग वाले बच्चों को आधी गोली चूरा कर तथा 2-3 आयु वर्ग के बच्चों को 1 गोली चूरा कर तथा 3-19 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को 1 गोली चबाकर साफ पानी के साथ सेवन कराया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने जिले के 1 से 19 आयु वर्ग वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों में कृमि नाशक एल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन कराने की अपील की है। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 10 अगस्त को जिले के विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कूलों, महाविद्यालयों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल 400 मिग्रा तथा छूटे बच्चों को 17 अगस्त को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल का सेवन कराया जाएगा।

## विद्यार्थियों ने दिया जागरूकता का संदेश

- गायत्री विद्यापीठ में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता एवं अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटर हाउस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के शिवाजी, प्रताप, आजाद एवं सुभाष हाउस के कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अतिथियों एवं निर्णायकों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका फिल्म निर्माता विश्वास राज एवं गायत्री विद्यापीठ के शिक्षक जयेश मुदलियार ने निभाई। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों, संवाद अदायगी, अभिनय, रचनात्मकता, विषय की समझ एवं संदेश प्रभाव का मूल्यांकन किया गया।

चारों हाउस के विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से समाज में जागरूकता, जिम्मेदारी और सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। प्रतियोगिता में आजाद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रताप हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि कला और संस्कृति विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। सीबीएसई प्राचार्य अंकित व्यास ने कहा कि नुक्कड़ नाटक विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में राहुल जैन एवं अंजलि सोनवानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी ने शुभकामनाएं दी।

## बाबा महाकाल की भव्य पालकी यात्रा 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन मास के पावन अवसर पर राजनांदगांव एक बार फिर शिवभक्ति के रंग में रंगने जा रही है। सावन के प्रथम प्रदोष एवं दूसरे सोमवार 10 अगस्त को श्री महाकाल सेना के तत्वावधान में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। पालकी यात्रा को लेकर शिवभक्तों और नगरवासियों में विशेष उत्साह का वातावरण है। आयोजकों द्वारा यात्रा को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने की तैयारियां की जा रही है।

यात्रा में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, समाजसेवी पवन डागा, राकेश यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इसके अलावा पार्षद शेखर साहू, भरत साहू, चिंटू बग्गा, अवतराम तेजवानी, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, अनिल तेजवानी, विनोद लूल्ला सहित सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग पालकी यात्रा में सहभागिता करते बाबा महाकाल की अगवानी करेंगे। जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता से आयोजन को भव्यता मिलने की उम्मीद है।

### राष्ट्रभक्ति के साथ निकलेगी पालकी

*पालकी यात्रा में ढोल-नगाड़े, भक्ति संगीत और शिवभक्ति के जयघोष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन में राष्ट्रभक्ति को भी विशेष स्थान दिया गया है। बड़ी संख्या में राष्ट्रीय ध्वजों के साथ श्रद्धालु यात्रा में शामिल होकर धर्म और राष्ट्र के प्रति सम्मान का संदेश देंगे। आयोजकों का कहना है कि आज की युवा पीढ़ी को अपनी सनातन परंपरा, धार्मिक संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से पालकी यात्रा को भक्ति के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रभक्ति के संदेश से जोड़ा गया है।*

### श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

*श्री महाकाल सेना ने नगर के शिवभक्तों, धर्मप्रेमी नागरिकों एवं युवाओं से अपील की है कि वे 10 अगस्त को परिवार सहित पालकी यात्रा में शामिल हों। आयोजकों ने कहा कि बाबा महाकाल की पालकी यात्रा संस्कारधानी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करने वाला आयोजन है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने, मार्ग में व्यवस्था बनाए रखने तथा पालकी यात्रा को शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करने का आग्रह किया है।*

**बसंतपुर क्लब चौक से शुरू होकर लालबाग में होगा समापन**

श्री महाकाल सेना द्वारा जारी यात्रा की रूपरेखा के अनुसार बाबा महाकाल की पालकी यात्रा बसंतपुर क्लब चौक से प्रारंभ होगी। इसके बाद पालकी महमाया चौक, गांधी नगर, महेश नगर, ग्रीन हाइट्स, खोमचा ग्रुप, कमला कॉलेज चौक, फुर्सत के पल, प्रभात नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर होते हुए हेमू कल्याणी चौक, लालबागेश्वर धाम लालबाग पहुंचेगी। नगर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालु बाबा महाकाल की पालकी का दर्शन एवं स्वागत करेंगे। जगह-जगह पुष्प वर्षा, पूजन एवं स्वागत की तैयारियां भी की जा रही है। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और जय चंद्रमौलेश्वर महाकाल के जयघोष से पूरा शहर शिवमय होने की संभावना है।

## व्यापारियों के लिए कार्यशाला आयोजित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा 23 मार्च 2026 को जारी एफएसएसएआई की नई अधिसूचना एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी नवीन प्रावधानों की जानकारी व्यापारियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने जिला खाद्य अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), रायपुर को पत्र सौंपकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने की मांग की है।

पत्र में बताया गया है कि 23 मार्च 2026 की अधिसूचना के माध्यम से एफएसएसएआई लाइसेंस एवं पंजीयन प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। विशेष रूप से खाद्य व्यवसाय के संचालन की अवधि तक लाइसेंस की वैधता, पंजीयन एवं लाइसेंस प्रक्रिया को सरल एवं व्यापार-अनुकूल बनाने सहित कई नए प्रावधान लागू किए गए हैं। साथ ही अनुपालन एवं नियामकीय प्रक्रियाओं में भी आवश्यक संशोधन किए गए हैं।

सीएआईटी पदाधिकारियों ने कहा कि इन नवीन प्रावधानों की जानकारी अभी तक अधिकांश व्यापारियों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाई है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि सीएआईटी कार्यालय पंडरी रायपुर एवं जिले में एफएसएसएआई अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाए। जिसमें 23 मार्च 2026 की अधिसूचना के सभी प्रावधानों, लाइसेंस एवं पंजीयन प्रक्रिया में हुए परिवर्तनों, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं तथा व्यापारियों की शंकाओं का विस्तृत समाधान किया जाए।

## सार समाचार

### आज मनेगा भव्य विश्व आदिवासी दिवस

**राजनांदगांव।** श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था (कंगला मांझी सरकार) नई दिल्ली एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़िन समाज समिति नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में कल 9 अगस्त (विश्व आदिवासी दिवस) के अवसर पर स्थानीय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में एक भव्य सामाजिक-सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

समारोह के दौरान शहर में संस्था के सैनिकों एवं समाजजनों द्वारा एक विशाल रैली निकाली जाएगी। इस रैली में आदिवासियों के पारंपरिक लोकनृत्य, पारंपारिक वाद्य यंत्रों की गूंज और समृद्ध आदिवासी संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिलेगी। इसी कड़ी में इस वर्ष कोंडागांव जिले के कोरकोटी गांव की बालिका रंजीता कोरेटी को कंगला मांझी अचीवर्स अवार्ड 2026 से नवाजा जाएगा। रंजीता ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिताओं में 4 स्वर्ण पदक जीतकर देश व छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमडी ठाकुर उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग छत्तीसगढ़ शासन व अध्यक्षता राजमाता फुलवादेवी कांगे राष्ट्रीय अध्यक्ष कंगला मांझी संस्था नई दिल्ली करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव, डॉ. परदेशीराम वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार, संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य डौंडी, कुम्भदेव कांगे उपाध्यक्ष कंगला मांझी संस्था, आरएस उइके महासचिव अखिल भारतीय दंतेवाड़िन समाज समिति नई दिल्ली शामिल होंगे।

### बोरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत बोरी में कल 9 अगस्त को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत बोरी परिसर में होगा। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शिविर में डॉ. सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव की विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मोहबे के साथ अन्य चिकित्सक भी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। बोरी सरपंच जीवनलाल साहू ने क्षेत्र के ग्रामीणों से शिविर में उपस्थित होकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन आज से

**राजनांदगांव।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा शहर के दिग्विजय स्टेडियम में पांच दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर और सचिव शिरीष जैन ने बताया कि स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में 9 से 13 अगस्त तक पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

आयोजन को लेकर बताया गया कि अंडर-19 प्रतियोगिता में पांच प्रकार के इवेंट होंगे। जिसमें बॉयज-गर्ल्स सिंगल, डबल और मिक्स डबल होगा। इसी के साथ विजेता को 13000 और उपविजेता को 11000 की नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रत्येक खिलाड़ी 3 इवेंट से ज्यादा में भाग नहीं ले पाएंगे।

स्टेट रैंकिंग टूर्नामेंट में प्रदेशभर से लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ी को रैंकिंग के आधार पर नेशनल टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के राजू नायडू अनिल त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित थे।

## खोमचा व चखना सेन्टर पर 2 हजार से अधिक जुर्माना लगा

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम टीम ने की कार्रवाई, झिल्ली पन्नी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने सख्ती बरतते हुये नगर निगम की टीम अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग करने वाले दुकानदारों पर प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है।

इसी कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे अभियान चलाकर 10 ठेला खोमचा एवं चखना सेन्टर पर कार्यवाही कर झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल ग्लास, चम्मच,स्ट्रा, पानी पाउच की जप्ती कर 2 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना वसूल किये। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रत्येक व्यक्ति व पशु-पक्षियों को प्लास्टिक के नुकसान से बचाने शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध करने कडा रूख अपना रही है। शासन के मंशानुरूप नगर निगम भी अभियान चलाकर प्रतिदिन प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय एवं उपयोग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। आयुक्त श्री मरकाम ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय व उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुये कहा है कि स्वच्छता अपनाये व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करते हुये जब भी घर से निकले कपडे के थैला लेकर निकले तथा लोगो को भी इसके लिये प्रेरित करे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस

निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने कार्यवाही के संबंध में कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन सहित पशु पक्षियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये शासन निर्देश के अनुक्रम में निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में प्रतिदिन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय नहीं करने समझाईस दे रहे है, समझाईस उपरांत विक्रय व उपयोग करते पाये जाने पर कार्यवाही कर रहे है। कार्यवाही की कडी में मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे 10 पान ठेला, होटल, चखना सेन्टर में निगम का स्वास्थ्य अमला दबिश देकर 2 हजार 1 सौ रूपये जुर्माना लगा जप्त किये। जप्ती की कडी में झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल ग्लास, चम्मच, स्ट्रा,पानी पाउच जप्त किया गया। उक्त अभियान प्रतिदिन जारी रहेगी।

## चाकू के साथ आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 7 अगस्त को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सरस्वती शिशु मंदिर के सामने एक व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखकर उसे लहराते हुए आम लोगों को डरा-धमका रहा है, जिस पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी शुभम वर्मा 20 वर्ष निवासी नाकापारा को पकड़ा गया।

### चाकू बरामद

आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।

# कानून, साईबर सुरक्षा व सामाजिक उत्तरदायित्व का पुलिस ने पढ़ाया पाठ

- एनबीआईएस में खाकी किड्स कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव पुलिस द्वारा नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में कक्षा 9वीं व 11वीं के विद्यार्थियों के लिए खाकी किड्स और सुरक्षित भविष्य के लिए युवाओं की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता सत्र में सीएसपी वैशाली जैन, सोनाली चक्रवर्ती, समाजसेवी, एनजीओ स्वयंसिद्धा, डीएसपी सुमन जायसवाल एवं चिखली थाना प्रभारी कैलाश मरई ने विद्यार्थियों को कानूनी एवं एंटी-रैगिंग जागरूकता, जेंडर सेंसिटाइजेशन, नागरिक एवं यातायात जागरूकता तथा साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनाना है, ताकि वे अपने परिवार और समाज तक भी इस जागरूकता की श्रृंखला को आगे बढ़ा सके। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वर्तमान परिस्थिति में विद्यार्थियों का जागरूक होना आवश्यक है, ताकि युवा वर्ग अपने अधिकार के प्रति, भविष्य के प्रति तथा सामाजिक तौर पर स्वयं की जिम्मेदारी को बखूबी समझते निर्वहन करें। कार्यक्रम में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्र उपस्थित रहे।

## तीन शराब कोचिया पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने तीन कोचिया को पकड़कर कुल 75 पौवा शराब जब्त किया है।

सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी सौरभ कुमार प्रजापति 21 साल निवासी सिंगदई के कब्जे से 40 पौवा देशी मदिरा शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए, आरोपी धनराज रामटेके 58 साल निवासी मठपारा से 20 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए तथा आरोपी थानसिंह पारधी 66 साल निवासी वार्ड नं. 43 बंगालीचाल के कब्जे से 15 पौवा देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर कार्रवाई की है।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 9 अगस्त 2026



# हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत प्रशिक्षित चिकित्सकों की हड़ताल से स्वास्थ्य सुविधा डगमगाई हुई है। आज अपनी हड़ताल के पांचवें दिन भी इंटर्न डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल में डटे रहे।

स्टाइपेंड में 15900 से 30 हजार रुपए की वृद्धि मांग को लेकर 128 प्रशिक्षु चिकित्सकों का हड़ताल जारी है। जिससे मेडिकल कॉलेज अस्पताल आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पर्ची काउंटर की कतार में लगने के बाद मरीज ओपीडी तक पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां पर भी लंबी लाइन लगी हुई है। ओपीडी में महज एक चिकित्सक की उपस्थिति के चलते मरीजों को अपना उपचार कराने मशक्कत करनी पड़ रही है।

**शहरी स्वास्थ्य सेवा भी प्रभावित**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए आसपास के पांच जिलों से मरीज पहुंचते हैं। अस्पताल के वार्डों में दिनभर इंटर्न डॉक्टर राउंड के लिए पहुंचते थे, लेकिन हड़ताल के चलते कोई भी इंटर्न डॉक्टर वार्ड में नहीं जा रहे हैं। यहां भर्ती मरीजों का कहना है कि हड़ताल की वजह से दिनभर कोई भी डॉक्टर नहीं आते हैं। शाम के वक्त ही डॉक्टर आते हैं। इंटर्न डॉक्टर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा जिला अस्पताल सहित शहर के शंकरपुर, लखोली और सोमनी स्थित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में भी अपनी सेवाएं देते हैं। उनकी हड़ताल की वजह से इन केन्द्रों में भी स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित हो रही है।

## स्टाईपेंड बढ़ाने की मांग पर पिछले पांच दिनों से हड़ताल में जुटे इंटर्न डॉक्टर

### सीनियर डॉक्टरों पर अतिरिक्त भार

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 6 सौ मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें से सामान्य बीमारी वाले अधिकांश मरीजों को इंटर्न डॉक्टर ही देखते थे। ओपीडी में दो से तीन डॉक्टर अपनी सेवा देते थे। जिससे मरीजों की भीड़ नियंत्रित होती थी, लेकिन अब हड़ताल के चलते डॉक्टर के नहीं होने से सामान्य उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इधर पहले ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। ऊपर से सैकड़ों प्रशिक्षु चिकित्सकों के हड़ताल में जाने की वजह से सीनियर डॉक्टरों पर भी काम का भार बढ़ गया है। जिससे उन्हें भी दिक्कतें हो रही है।

### शासन से बातचीत जारी

आईएमए-एमएसएन के स्टेट कन्वीनर शाहदिल खुसरू ने कहा कि आईएमए एवं आईएमए-एमएसएन की ओर से राज्य सरकार के साथ लगातार सकारात्मक वार्तालाप जारी है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि सरकार इस विषय की गंभीरता को समझते शीघ्र ही फाइल को स्वीकृति प्रदान करेगी और इंटर्न डॉक्टरों के हित में न्यायसंगत निर्णय लेगी। जिससे आंदोलन का जल्द समाधान हो सके।

# हजारों श्रमिकों की ई-केवाईसी अटकी योजनाओं के लाभ पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ श्रम विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने और फर्जी पंजीयन पर रोक लगाने के उद्देश्य से शुरू की गई ई-केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया में बड़ा खुलासा हुआ है। राजनांदगांव जिले के लगभग 91 हजार पंजीकृत श्रमिकों का डेटा मिसमैच होने के कारण उनकी ई-केवाईसी की प्रक्रिया अटक गई है, जब तक यह ई-केवाईसी पूरी नहीं होगी, तब तक संबंधित श्रमिकों को विभाग की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सकेगा।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार तथा असंगठित क्षेत्र के कुल 56.39 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। जिनमें से लगभग 16.11 लाख श्रमिकों का ई-केवाईसी डेटा मिसमैच के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। सर्वाधिक प्रभावित जिलों में राजनांदगांव भी शामिल है, जहां 91 हजार श्रमिकों के दस्तावेजों और रिकॉर्ड में त्रुटियां पाई गई है। बताया गया कि त्रुटियों के अहम कारण में श्रमिकों के आवेदनों के पोर्टल पर खारिज होने या अटकने की मुख्य रूप से तीन बड़ी वजहे सामने आई है। इसके अलावा नाम और सरनेम में अंतर यानी विभिन्न दस्तावेजों में नाम की स्पेलिंग अलग-अलग होना, संबंधित कार्ड और पंजीयन रिकॉर्ड में दर्ज जन्म की तारीखों का आपस में मेल न खाना। पुराने श्रमिक कार्डों में दर्ज विवरणों में त्रुटि पाई जाना, जैसे मामले सामने आए हैं।

**खास बातें**

- पारदर्शिता लाने, फर्जी पंजीयन रोकने और वास्तविक श्रमिकों तक लाभ पहुंचाने ई-केवाईसी अनिवार्य

**पंजीयन अनिवार्य:** अभियान के तहत छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल' के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों को अपने श्रम कार्ड (पंजीयन) का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।

### सुधार और दोबारा ई-केवाईसी कराने की प्रक्रिया

ज्ञात हो कि श्रम विभाग ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी अनिवार्य है और श्रमिक तुरंत अपने निकटतम चॉइस सेंटर या श्रम कार्यालय जाकर त्रुटियों में सुधार करा सकते हैं। फिंगरप्रिंट या आइरिस स्कैन के जरिये बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जा सकता है। स्पष्ट पहचान पत्र कॉपी, सहमति पत्र, ई-साइन, लाइव फोटो और पंजीकृत मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी सत्यापन प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। प्रक्रिया पूरी होने पर आवेदकों को एक यूनिक आवेदन क्रमांक मिलेगा। जिससे वे ऑनलाइन अपने आवेदन की स्थिति चेक कर सकते हैं। विभाग का कहना है कि ई-केवाईसी का मुख्य उद्देश्य वास्तविक पात्र श्रमिकों तक ही योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अतः जिले के सभी प्रभावित श्रमिक यथाशीघ्र अपने दस्तावेजों को अपडेट कराकर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करें। जिले में भी केवाईसी कराई जा रही है।

# नो-पार्किंग में खड़ा किया वाहन, 1035 पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शहर के व्यस्तम इलाके व मार्ग में यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने व नो-पार्किंग में वाहन खड़ी करने के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया गया है। जिसके तहत 1035 वाहनों पर कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस द्वारा शहर के नया बस स्टैंड चौक, महावीर चौक, खैरागढ़ रोड, भगत सिंह चौक, पुराना रेस्ट हाउस, रेलवे स्टेशन रोड, पोस्ट ऑफिस चौक, पुराना बस स्टैंड, रामदरबार, अग्रवाल ट्रांसपोर्ट, गंज चौक, कुंआ चौक, नंदई चौक, महामाया चौक, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, जूनीहटरी, मानव मंदिर चौक, फौवारा चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, सदर लाइन, फुर्सत के पल चौक, कविता कॉम्पलेक्स चौक, अम्बेडकर चौक, आरके नगर जाने वाली सर्विस रोड एवं मोतीपुर अंडरब्रिज रोड सहित शहर के प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। त्यौहारी सीजन के दौरान पुलिस द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें ।

**सौगात:** जिला अस्पताल के सामने बनेगी 2.50 करोड़ की लागत से भव्य शिव वाटिका

# हनुमंत वाटिका के बाद अब शिव वाटिका से बढ़ेगा धर्मनगरी कवर्धा का सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में धर्म संस्कृति और आध्यात्मिक आस्था की नगरी कवर्धा के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की मंशानुरूप कवर्धा शहर में विकास और सौंदर्यीकरण की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए भव्य हनुमंत वाटिका के बाद अब जिला अस्पताल के सामने रिक्त शासकीय भूमि में 2 करोड़ 50 लाख की लागत से भव्य एवं दिव्य शिव वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

शिव वाटिका निर्माण किये जाने हेतु राशि मांग हेतु प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया जा चुका है भगवान भोलेनाथ की आस्था को केंद्र में रखकर विकसित की जाने वाली यह वाटिका शहर वासियों के लिए आकर्षण, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बनेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में हनुमंत वाटिका के साथ-साथ अब जिला अस्पताल के सामने बनने वाली शिव वाटिका कवर्धा शहर को एक नई और आकर्षक पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## शिव वाटिका में दिखेगा आस्था का संगम-चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि कवर्धा केवल विकास के मामले में आगे बढ़े, ऐसा नहीं बल्कि शहर की पहचान उसकी संस्कृति, धार्मिक आस्था, हरियाली और सुंदरता से भी होनी चाहिए। इसी सोच के साथ शहर में ऐसे स्थानों का विकास किया जा रहा है, जहां नागरिकों को बेहतर वातावरण के साथ आध्यात्मिक जुड़ाव भी महसूस हो। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की आराधना भारतीय संस्कृति में शांति, शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। शिव वाटिका का निर्माण इसी भावना को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। वाटिका को आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के साथ यहां हरियाली, सुंदर पाथवे, पुष्प सज्जा, बैठने की व्यवस्था, आकर्षक विद्युत प्रकाश, बच्चों के झूला, ओपन जीम सहित नागरिकों के उपयोग की आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इस तरह शिव वाटिका केवल एक उद्यान नहीं बल्कि कवर्धा के सौंदर्यीकरण का प्रमुख केंद्र बनेगी।

### विजय शर्मा की मंशा अनुरूप लगातार हो रहा शहर का विकास

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा द्वारा कवर्धा शहर के समग्र विकास, सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। उनके निर्देश और मंशा के अनुरूप नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। हनुमंत वाटिका के बाद अब शिव वाटिका का निर्माण इसी विकास की एक और महत्वपूर्ण कड़ी होगी। इससे शहर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ-साथ हरियाली और सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार होगा।

### स्वास्थ्य, सुकून का केंद्र बनेगी वाटिका

शिव वाटिका को केवल धार्मिक एवं सौंदर्यीकरण के उद्देश्य तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इसे नागरिकों के लिए उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। सुबह और शाम शहरवासी यहां टहलने, बैठने और प्रकृति के बीच समय बिताने का आनंद ले सकेंगे। हरियाली से भरपूर वातावरण लोगों को स्वस्थ एवं सकारात्मक माहौल प्रदान करेगा। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए भी यह स्थान उपयोगी साबित होगा। यहां विकसित किए जाने वाले पाथवे और अन्य सुविधाएं नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने में सहायक होंगी।

### कवर्धा की धार्मिक पहचान को मिलेगी नई मजबूती

कवर्धा की पहचान धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में प्रदेशभर में है। भोरमदेव मंदिर, बूढ़ामहादेव सहित अनेक धार्मिक स्थलों से जुड़ी आस्था को देखते हुए शहर में भगवान शिव के नाम पर बनने वाली यह वाटिका धार्मिक पर्यटन और शहर के सौंदर्यीकरण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि "कवर्धा की पहचान केवल एक सुंदर शहर के रूप में नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और संस्कारों से जुड़े शहर के रूप में भी होनी चाहिए। शिव वाटिका इसी सोच का हिस्सा है। हमारा प्रयास है कि शहरवासियों को ऐसे सुंदर और व्यवस्थित स्थान मिलें, जहां वे परिवार के साथ कुछ समय सुकून से बिता सकें और भगवान शिव की भक्ति से जुड़ सकें।

# 500 मी. कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल का सफर

- खैरवार कला में बदहाल सड़क से ग्रामीणों में आक्रोश, निर्माण की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम खैरवार कला में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तक पहुंचने वाला करीब 500 मीटर लंबा मार्ग बदहाल होने से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे विद्यार्थियों को पैदल चलकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरवार कला से पुष्पा भास्कर के घर तक करीब 500 मीटर सड़क लंबे समय से खराब है। बारिश में मार्ग की स्थिति और भी खराब हो जाती है। कीचड़ के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है। वहीं दोपहिया वाहनों का आवागमन भी मुश्किल हो जाता है।

### स्कूल मार्ग की जल्द से जल्द निर्माण की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल तक पहुंचने वाला मार्ग विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होने से नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से सड़क का निरीक्षण कर जल्द निर्माण अथवा मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि 500 मीटर सड़क का निर्माण होने से विद्यार्थियों के साथ ग्रामीणों को भी आवागमन में राहत मिलेगी। लोगों ने इस समस्या का जल्द स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# गुरुकुल में फुटबॉल स्पर्धा आयोजित

- रोमांचक मुकाबले में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता फुटबॉल खिताब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय अंतर्विद्यालयीन अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया गया । इस द्वितीय दिवस की फाइनल प्रतियोगिता के अतिथि के रूप में नितेश छाबड़ा ख्यातिप्राप्त क्रीड़ा पत्रकार, संस्था के पदाधिकारीगण तथा शाला के प्राचार्य मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन वंदन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

शनिवार को सेमीफाइनल गुरुकुल पब्लिक स्कूल तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम शाला बोड़ला तथा एकाडेमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला छुईखदान के मध्य हुआ। इसमें गुरुकुल 3-0 व एकाडेमिक वर्ल्ड स्कूल 2-0 से विजयी हुए। अंत में गुरुकुल पब्लिक स्कूल एवं एकाडेमिक वर्ल्ड स्कूल के साथ संघर्षपूर्ण रोमांचक मैच हुआ।

दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ एक दूसरे से कड़ा मुकाबला करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। सभी दर्शकों ने जोरदार तालियों से सभी खिलाड़ियों का समर्थन किया। फाइनल मैच में भारत एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने अथक परिश्रम करते हुए पैनाल्टी शूट से विजय हासिल की। इस प्रतियोगिता में विजयी टीम को पुरस्कृत किया गया। अन्य दलों को भी सम्माननीय अतिथियों के करकमलों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। समस्त सम्माननीय अतिथियों को शाला की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों व क्रीड़ाध्यापकों को हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दीं।

### 9वीं की छात्रों को किया निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण

**कोलेगांव ।** विकासखंड पंडरिया के शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में शुक्रवार को शिक्षा सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 9वीं के पात्र छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने के बाद छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे । संस्था के प्राचार्य रामकुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 9वीं की 29 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। वही साइकिल वितरण कार्यक्रम शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.संतोष साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य रामाधार शर्मा एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती ममता विजय शुक्ला उपस्थित हुए। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुगमता आएगी और नियमितता बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा एक पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी के पालकगण एवं विद्यालय के शिक्षक संतोष डहरिया, लक्ष्मीकांत कश्यप, शिवप्रसाद कोसरिया, गोवर्धन चंद्रवंशी, रामफल चंद्राकर, पयासी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# महादेव भक्ति में 151 किमी कांवड़ पदयात्रा करेंगी विधायक भावना

- मूल धर्म में वापसी करने वाले 15 बैगा आदिवासी भी अमरकटंक से भोरमदेव कांवड़ पदयात्रा में होंगे शामिल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

सावन मास की पवित्रता और भगवान भोलेनाथ की आराधना को समर्पित करते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा की शुरुआत करेंगी।

सावन के दूसरे सोमवार 10 अगस्त 2026 को प्रातः 7 बजे मां नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात यह आध्यात्मिक यात्रा प्रारंभ होगी, जो 16 अगस्त 2026 को कवर्धा स्थित पावन भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के साथ संपन्न होगी।

विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार दूसरे वर्ष इस कांवड़ पदयात्रा का संकल्प लिया गया है। गत वर्ष भी उन्होंने मां नर्मदा मंदिर, अमरकंटक से भोरमदेव महादेव मंदिर तक छत्तीसगढ़

की सुख-समृद्धि के लिए कांवड़ पदयात्रा की थी। इस वर्ष यह कांवड़ यात्रा और भी भव्य एवं विशेष होगी। विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से अपने मूल धर्म में घर वापसी करने वाले वनांचल क्षेत्र में निवासरत 15 बैगा आदिवासी भी इस यात्रा में बोल बम और हर हर महादेव के नारे के साथ कदम से कदम मिलाकर कांवड़ यात्रा करेंगे।

पर्वतों, बीहड़ रास्तों, उफनती नदियों और राह में आने वाले हर संकट को पार करते हुए श्रद्धा, तपस्या और संकल्प से जुड़ी यह यात्रा पूर्ण हुई थी जिसमें क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं का व्यापक आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त हुआ। इस वर्ष भी इस यात्रा में विधायक भावना बोहरा के साथ लगभग 300 से अधिक कांवड़ यात्री यात्रा में सहभागिता करेंगे। इसके साथ ही विगत पांच वर्षों से विधायक भावना बोहरा द्वारा कबीरधाम जिले से अमरकंटक में जलाभिषेक करने हेतु जाने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए 30 जुलाई से 24 अगस्त तक निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गई है जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है और उनकी सेवा की जा रही है।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि, भगवान भोलेनाथ एवं मां नर्मदा की कृपा से मुझे लगातार दूसरे वर्ष अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह यात्रा महादेव के चरणों में समर्पित एक आध्यात्मिक साधना है। मैं भगवान भोलेनाथ से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, खुशहाली और प्रत्येक परिवार के सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करूंगी। गत वर्ष की यात्रा के दौरान मिले श्रद्धालुओं के स्नेह, आशीर्वाद और उत्साह ने इस संकल्प को और अधिक मजबूत किया है। इस वर्ष भी मैं समस्त श्रद्धालुओं, कांवड़ यात्रियों एवं क्षेत्रवासियों से यात्रा में सहभागिता, सहयोग और आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह करती हूँ और इस पावन यात्रा में सहभागी बनने हेतु सादर आमंत्रित करती हूँ।

## खबर संक्षेप

### छोटे मशीनों से सीसी रोड बनाने में कार्य धीमी

**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क के अंतर्गत ग्राम पेंड्रीकला की बस्ती अंदर सीसी रोड बन रहा है कछुआ गति की धार पर यह एक मुख्य मार्ग है इसमें हजारों लोगों का आना-जाना रहता है जिसमें 112,102 की गाड़ी आना-जाना लगा रहता है एवं चार पहियों का भी आना-जाना लगा रहता है यहां तक की छात्र छात्राओं कॉलेज एवं 12वीं क्लास के लिए कुंडा आना-जाना लगा रहता है इसी रोड से गुजर कर कुंडा से कवर्धा बस भी चलता है आज आठ दिनों से सीसी रोड का काम चल रहा है एकदम धीमी गति से बस्ती अंदर का सीसी रोड कछुआ गति के चल रहा है जो काम चार दिनों में बड़े मशीनों से हो सकता है वह आज 8 दिन में आधा हुआ है ऐसे में आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**किसान कांग्रेस की बैठक आयोजित, जुटी भीड़**

# गांव-गांव जाएगी किसान कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला किसान कांग्रेस कमेटी, कबीरधाम की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को ग्राम स्तर तक सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों के हक, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि, गन्ने का समर्थन मूल्य में वृद्धि खेती की बढ़ती लागत खाद-बीज की समय पर उपलब्धता, बिजली कटौती, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य तथा कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचेंगे और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।

### संगठन विस्तार के लिए चलाया जाएगा अभियान

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी विकासखंडों, मंडलों, सेक्टर एवं ग्राम पंचायतों में किसान कांग्रेस संगठन का विस्तार अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही किसान सम्मेलन आयोजित कर किसानों की समस्याओं को एकत्रित किया जाएगा तथा उनके निराकरण के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। साथ ही साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्मार्ट मीटर के विरोध में भराए जा रहे फॉर्म को गाँव-गाँव जाकर बैठक में उपस्थित संगठन जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक अनुशासन, सक्रिय जनसंपर्क और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि किसानों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करना है। बैठक में उपस्थित जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां भी तय की गईं। सभी पदाधिकारियों ने किसान हितों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया है। बैठक में संगठन जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रवि चन्द्रवंशी, मनीष शर्मा, चेतन वर्मा, शारदा सोनवानी, शालिनी लहरे, प्रदेश सचिव मनोज राजपूत, संतोष चन्द्रवंशी, शीतेश, वाल्मीकि, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पटेल, रमेश साहू, दीक्षित वैष्णव, हेमलाल साहू, नरेंद्र धुर्वे, कृष्णा बंजारे, जिला पदाधिकारी, संतोष साहू आदि उपस्थित थे।

**समस्या:** पहले से जर्जर और खस्ताहाल सड़कों का बारिश में हाल बेहाल

# खस्ताहाल और जर्जर सड़कों को लेकर ग्रामीणों का फूट रहा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिस जनपद पंचायत पर करीब सवा सौ से अधिक ग्राम पंचायतों के विकास की जिम्मेदारी है, उसी जनपद पंचायत बोड़ला का कार्यालय इन दिनों खुद बदहाली का शिकार है। करीब 25 साल पुराने भवन की दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं, छत से बारिश का पानी टपकता है और प्लास्टर गिरने लगा है। दीवारों पर जमी काई और सीपेज भवन की जर्जर हालत की तस्वीर साफ बयां कर रही है। बारिश के मौसम में यहां काम करने वाले कर्मचारियों और पहुंचने वाले ग्रामीणों पर कभी भी प्लास्टर या छत का हिस्सा गिरने का खतरा बना हुआ है। राज्य गठन के शुरुआती दौर में करीब 25 साल पहले जनपद पंचायत बोड़ला के इस भवन का निर्माण हुआ था। 13 मई 2001 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भवन का लोकार्पण किया गया था। उस समय की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया गया भवन अब बदलती प्रशासनिक जरूरतों के सामने छोटा और जर्जर साबित हो रहा है। लंबे समय से उपयोग में आने के कारण भवन की स्थिति ऐसी हो गई है कि कई कमरों में बैठना तक मुश्किल नजर आता है। बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। छत से पानी टपकने के कारण दीवारें गीली हो जाती हैं। फॉल सीलिंग, पुट्टी और प्लास्टर पर इसका असर पड़ता है और कुछ समय बाद परतें उखडक़र गिरने लगती हैं। ऐसे में कार्यालय की मरम्मत और रंग-रोगन पर किया गया खर्च भी स्थायी समाधान नहीं दे पा रहा है।

### मरम्मत पर लाखों खर्च, समस्या जस की तस

जनपद पंचायत में जब भी नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी की पदस्थापना होती है, तो कार्यालय के जरूरी कमरों की मरम्मत और साज-सज्जा कराई जाती है। इस पर लाखों रुपए तक खर्च होने की बात सामने आती है। आमतौर पर सीईओ का कक्ष, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के कक्ष और बैठक कक्ष को प्राथमिकता से ठीक कराया जाता है। इससे कुछ समय के लिए व्यवस्था सुधरती है, लेकिन बारिश आते ही समस्या फिर सामने खड़ी हो जाती है। ग्रामीणों और कर्मचारियों का कहना है कि पुराने भवन में बार-बार मरम्मत कराने के बजाय अब स्थायी समाधान की जरूरत है। यदि हर कुछ साल में मरम्मत पर राशि खर्च होती रहे और भवन की मूल समस्या बनी रहे तो नए भवन के निर्माण पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

### बढ़ीं पंचायतें, लेकिन भवन वहीं का वहीं

जनपद पंचायत बोड़ला के गठन के समय और वर्तमान स्थिति में काफी बदलाव आ चुका है। ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ी है, जनपद सदस्यों की संख्या बढ़ी है और प्रशासनिक कामकाज का दायरा भी लगातार विस्तृत हुआ है। हर पांच साल में नई ग्राम पंचायतें जुडऩे के साथ जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की आवाजाही भी बढ़ती है। इसके बावजूद कार्यालय भवन पुराने ढांचे पर ही टिका हुआ है। जनपद सदस्यों के लिए व्यवस्थित बैठक कक्ष नहीं है। पंचायतों से आने वाले सरपंच-पंचों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को एक साथ बैठाने के लिए पर्याप्त सभाकक्ष की सुविधा भी नहीं है। वर्तमान भवन में मुख्य रूप से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सीईओ के लिए ही अलग कक्ष उपलब्ध हैं।

# 89 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

## मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

पाण्डातराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिस देकर अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपी के पास से 89 पौवा देशी अवैध शराब जब्त की है। आरोपी के विरूद्ध विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को थाना पाण्डातराई पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पाण्डातराई स्थित अमन चखना दुकान के सामने एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने के उद्देश्य से शराब लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी एवं कार्रवाई की गई।

मौके पर आरोपी सूरज मानिकपुरी, पिता तारन दास मानिकपुरी, उम्र 18 वर्ष 02 माह, निवासी ग्राम घोघरापारा, वार्ड क्रमांक 08, थाना पण्डरिया के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी के अंदर बिक्री हेतु रखी 89 नग पौवा रोमियो देशी प्लेन मदिरा, प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई, कुल 16.20 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 7,120 रुपये बरामद कर विधिवत जप्त की गई।

आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### अवैध शराब के खिलाफ जारी रहेगी कार्यवाही

कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री सहित जुआ, सट्टा एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के तहत सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका इस संपूर्ण कार्रवाई में कबीरधाम जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सउनि रूपेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्रवंशी, जावेद खान तथा आरक्षक श्री रोहित मरावी, शिवाकांत शर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, राधेश्याम सोनवानी, छोटे लाल यादव एवं ईश्वर चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### गौरकापा धाम में आयोग अध्यक्ष ने की पूजा अर्चना

**कोदवागोडान।** बीते शुक्रवार को राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने अंचल के प्रसिद्ध धर्मस्थल गौरकापा स्थित जागृत शिव मंदिर में विधि विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। साथ ही मां राज राजेश्वरी, युगल सरकार श्री राधा-कृष्ण एवं शनिदेव महाराज के चरणों में शीश झुकाकर नमन वंदन किया और विश्व कल्याण की कामना की। पूजन के पश्चात मंदिर परिसर स्थित श्री कृष्ण गौशाला में जाकर गौशाला प्रबंधन द्वारा सैकड़ों गौमाताओं की की जा रही सेवा सुश्रुषा और व्यवस्था को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री पटेल ने मंदिर के महंत विवेकगिरी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें मंदिर प्रांगण में गौसेवा और संतसेवा के लिए साधुवाद दिया! गौरतलब है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह में यहां सैकड़ों की संख्या में आने वाले कांवड़ियों के रहने,विश्राम करने के अलावा उनके स्नान,जलपान और भोजन की व्यवस्था की गई है। श्री पटेल ने संत समागम के दौरान मुख्य रूप से गौ संरक्षण और गौ संवर्धन को लेकर चर्चा भी की। कार्यक्रम में पत्रकार रविनंदन पांडेय,वरिष्ठ भाजपा नेता एवं साहू समाज के सम्मानित श्री शत्रुहन साहू ,पूर्व सरपंच कन्हैया यादव,पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. बघेल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### कबीरधाम जिले में 393.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 393.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 398.4 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 326.5 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 340.2 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 298.8 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 377.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 266.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 542.9 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 595.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 8 अगस्त की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 15.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 10.9 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 12.4 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 5.3 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 14.8 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 0.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 7.0 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 20.3 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 55.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कुण्डा की तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यशाला संपन्न

**कुण्डा।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा' अभियान को लेकर भाजपा मंडल कुण्डा की मासिक बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मंडल प्रभारी रूपेश जैन के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा की जानकारी दी गई। मंडल प्रभारी रूपेश जैन ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि 10 से 13 अगस्त तक मंडल, वार्ड एवं जिला स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 13 से 15 अगस्त तक घरों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराया जाएगा। अभियान के दौरान शहीदों, युद्धवीरों एवं देश के लिए बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों के परिवारों का सम्मान करने के लिए भी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य रामकुमार चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, ओम यदु, संतोष चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, कृष्णा चंद्राकर, हरेकृष्ण शुक्ला, गीताराम साहू, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, अमन खनूजा सहित मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएम हेल्पलाइन की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह, 7 महीने से पशु शेड की राशि का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

पंडरिया जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम कोदवा गोडान में शासन की योजना के तहत पशु शेड निर्माण की राशि विगत 7 माह से लंबित होने की शिकायत सरकार द्वारा बहुप्रचारित सी एम हेल्पलाइन में भी बेअसर साबित हुई।

इस संबंध में स्थानीय हितग्राही रविनंदन पांडेय ने बताया कि उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पशुशेड का निर्माण कराया था। इस कार्य के 5 दिसम्बर 2025 को पूर्ण होने के पश्चात पंचायत विभाग द्वारा मूल्यांकन तथा निरीक्षण भी कर लिया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात मजदूरों की राशि का भुगतान तो मनरेगा के तहत कर दिया गया किंतु राजमिस्त्री की मजदूरी और निर्माण सामग्री का भुगतान 6 महीने बीतने के बाद भी नहीं हुआ और संबंधितों के द्वारा हितग्राही पर राशि भुगतान के लिए दबाव बनाए जाने से विवश होकर श्री पांडेय ने 10 जुलाई 2026 को सीएम हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत क्रमांक डब्ल्यूपी 60700086923 दर्ज कराई। इस शिकायत के एक माह बीतने के बाद भी जब राशि नहीं मिली तो उन्होंने हेल्पलाइन पर स्थिति जानने के लिए फोन लगाया वहां से तो जवाब मिला कि शिकायत संबंधित विभाग को भेज दी गई है, निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन को लेकर जिस प्रकार प्रचार किया जाता है, जमीनी हकीकत उससे बिल्कुल अलग है। बहुप्रचारित हेल्प लाइन में की गई शिकायत के एक माह बाद भी समाधान को लेकर अनिश्चय वाला जवाब दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और आम जन में सीएम हेल्पलाइन की विश्वसनीयता पर भी पर सवाल खड़े होते हैं। सरकारी सहायता की उम्मीद में पशु शेड निर्माण कार्य कराने वाले यहां के दो अन्य हितग्राहियों की भी यही कहानी है।

उनका भी कहना है कि लंबे समय तक व्यय राशि नहीं मिलने से कर्जदारों की ओर से लगातार आर्थिक दबाव पड़ रहा है। हितग्राहियों ने जिला प्रशासन और राज्य गौ सेवा आयोग से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द भुगतान कराने की मांग की है।

# छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश ने पूर्ण किया प्रशस्त प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासकीय हाई स्कूल छिरहा के दूरदर्शी एवं समर्पित प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने दिव्यांग बच्चों की प्रारंभिक पहचान और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तैयार किए गए प्रशस्त ऐप के अंतर्गत उपलब्ध सभी दस प्रशिक्षण मॉड्यूल सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगता की शीघ्र पहचान कर ऐसे विद्यार्थियों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से दिव्यांगता के इक्कीस विभिन्न श्रेणीयों, उनके लक्षणों और समवेशी कक्षा वातावरण तैयार करने की वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया गया है।

प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने न केवल स्वयं समयबद्ध तरीके से यह प्रशिक्षण पूरा किया, बल्कि अपने विद्यालय के शिक्षकों को भी तकनीक और समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक किया है। डॉ. चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षकों और प्राचार्यों का निरंतर अपडेट रहना विद्यार्थियों के हित में आवश्यक है। इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को समझकर उन्हें बेहतर शैक्षणिक परिवेश प्रदान करने में कारगर साबित होगा।

# नवोदय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला, कबीरधाम में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अगस्त 2026 कर दी गई है।

कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत कबीरधाम जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कबीरधाम जिले के सभी विकास खंड के परीक्षा केन्द्रो में 28 नवंबर 2026 को एवं अखिल भारतीय स्तर पर इस परीक्षा का आयोजन किया जावेगा । प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला ने बताया कि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर अभ्यर्थी 11 एवं 12 अगस्त 2026 को उपलब्ध कराई जाने वाली सुधार विंडो के माध्यम से आवश्यक सुधार कर सकेंगे। उन्होंने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानपाठकों एवं शिक्षकों से अपील की है कि वे 10 अगस्त 2026 तक कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन पंजीयन कराएं, ताकि पात्र विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के अवसर का लाभ मिल सके।

# राखी के धागों के साथ सीमा पर सैनिकों तक पहुंचेंगी कवर्धा की बहनों की शुभकामनाएं व स्नेह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सरहद पर खड़े जवानों की कलाई भले ही इस रक्षाबंधन पर अपने घर की राखी से दूर रहे, लेकिन कवर्धा की बहनों का स्नेह उन तक जरूर पहुंचेगा। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत माता चौक में आयोजित ऑपरेशन रक्षा सूत्र कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों ने अपने हाथों से तैयार राखियां देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए समर्पित कीं। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कवर्धा की

माताएं बहने, सेना के जवान, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाएं, सखी सेंटर के स्टाफ, जिला महिला सशक्तिकरण के अधिकारी-कर्मचारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सेना के जवानों द्वारा भारत माता की आरती के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं ने सैनिक भाइयों को राखियां बांधकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। जय जवान के नारों से पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा। खास बात यह रही कि जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों द्वारा तैयार की गई राखियों को एकत्र कर भारतीय सेना तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। इन राखियों के साथ कवर्धा की बहनों की शुभकामनाएं और देश की रक्षा में जुटे जवानों के प्रति कृतज्ञता भी सीमा तक पहुंचेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं है। यह सैनिकों के प्रति विश्वास, सम्मान, आशीर्वाद और कृतज्ञता का भाव है। जो जवान अपने परिवार और अपनों से दूर रहकर देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, उनके लिए समाज की ओर से भेजा गया यह रक्षा सूत्र उनके मनोबल को और मजबूत करेगा।

**नेशनल लोक अदालत के संबंध में थाना प्रभारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

# जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 12 सितम्बर 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तहसील न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाने है। संघरत्ना भतपहरी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला के समस्त थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित थाना प्रभारियों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रसारित किया गया। साथ उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में डोर-टू-डोर जाकर नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### निराकृत होगे राजीनामा योग्य प्रकरण

नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण-पोषण धारा 125 के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विघुत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रकरणों का चिन्हांकित करते हुए रखा जाना है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है तथा नम्बर पर भी जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में अधिवक्तागण, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पालिका, बीएसएनएल, विद्युत विभाग तथा समस्त बैंको से भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

विश्व आदिवासी (मूलनिवासी) दिवस
के अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई....

09 अगस्त
विश्व आदिवासी (मूलनिवासी) दिवस
जय सेवा की जय जोहार
आगामीराष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में धर्म कॉलम में ट्राइबल/आदिवासी शब्द लिखावें
हार्दिक शुभकामनायें
तिरू.अंजोर सिंह सिदार
विनीत - सिदार जगत परिवार कुई, कुकदुर

विश्व आदिवासी
मूलनिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनायें
डा.केशव ध्रुव
जिला महासचिव
डा.आई.एस.ठाकुर साहब
संरक्षक
आसकरण सिंह धुर्वे
जिला अध्यक्ष

हम गर्वित हैं अपनी पहचान पर...
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !
आदिवासी अस्मिता
हमारी पहचान,
हमारी संस्कृति
हमारी शान!
हमारी संस्कृति
हमारा जंगल
हमारी ज़मीन
हमारा अस्तित्व
जल, जंगल, ज़मीन
हमारा अधिकार
हमारी विरासत
एकजुटता, सम्मान और अधिकार के साथ
आदिवासी समाज आगे बढ़े, यही हमारी पहचान !
जय जोहार | जय आदिवासी | हमारी संस्कृति - हमारी पहचान

जय सेवा
जय जोहार
आर. एन. ध्रुव
प्रांताध्यक्ष
एन.आर चन्द्रवंशी
प्रांतीय महासचिव
ललित मोहन भगत
प्रांतीय कोषाध्यक्ष
प्रो. लवन सिंह कंवर
प्रांतीय सचिव
09 अगस्त विश्व आदिवासी (मूलनिवासी) दिवस
पंजीयन क्रमांक
245/2002
की
शासन द्वारा
मान्यता प्राप्त
हार्दिक शुभकामनाएँ एवं सादर सेवा जोहार
समस्त आदिवासी समाज से अपील है आगामी राष्ट्रीय जनगणना के प्रपत्र में धर्म कॉलम में ट्राइबल/आदिवासी कोड लिखावें
विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जायें।
डॉ. केशव ध्रुव
महासचिव
आसकरण सिंह धुर्वे
जिला अध्यक्ष
अंजोर सिंह सिदार
जिला उपाध्यक्ष
प्रो.डॉ.के. तिग्गा
जिला उपाध्यक्ष
बुधमन धुर्वे
जिला उपाध्यक्ष
प्रो. शिवराम सिंह श्याम
जिला कोषाध्यक्ष
रोहित कुमार धुर्वे
सचिव
विनीत - छ.ग. अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई - कबीरधाम